संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
26 अक्टूबर 2024, शनिवार
पृष्ठ-8 मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 33
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

इनामी 6 गोटेच् नक्सलीयाक् सरेंडर

सुकमा। छत्तीसगढ़ रेयाक् सुकमा जिला रे नक्सली खिलाफ चालावेत् कानपुनर्वास आर आत्मसमपर्ण नीति दाराय होतेते सोमवार हिलोक् माराडसफलता जाम एना, तिन रे 24 लाख टाका रेन इनामी 6 गोटेच् नक्सलीदो पुलिस आर सीआरपीएफ सामाङ रेको सोदेर एना। नोको नक्सली रेमित् जुरीपारी हों मेनाक्किना, ओका दो मिमित् होड़ रे मोड़ेंलाख टाका काते इनामको दोहो लेदा। सोदेर सरेंडर एनको नोकोनक्सली दो पुनर्वास नीति होतेते सासोन सुबिता रेयाक् लाभको जामा। नोको नक्सली दो सीआरपीएफ डीआईजी आनंद सिंह आर सुकमा एसपीकिरण चव्हाण सामाङ रेको सरेंडर सोदेर एना।

ISO 9001: 2015 CERTIFIED
iicc®
A New Way of Career
27 ANNIVERSARY
N·S·D·C National Skill Development Corporation
Transforming the skill landscape
MASTER DEGREE / BACHELOR DEGREE / DIPLOMA for.....
FASHION DESIGN
INTERIOR DESIGN
UGC-NSDC, INSTITUTION
Reasons to join
Oldest and pioneer institutions of jharhand
Received more than 27 awards (national & state)
• 100% placement Assistance
Campus selection
Fashion Shows
Spoken English, P.D. Classes
Instruction in HINDI Also
Hostel Facilities
Triple Degree & Certificate
100% scholarship for sc/st students for E-kalyan
MOB- 9934611000,06512999991
WEB- www.iicc.org.in
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi - 834001

पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन की सेनाएं पीछे हटना शुरू

गलवान जैसी झड़प टालने के लिए अलग-अलग दिन पेट्रोलिंग, एक-दूसरे को सूचना भी देंगी

एजेंसी

नई दिल्ली । 4 दिन पहले हुए नए पेट्रोलिंग समझौते के बाद शुक्रवार को भारत और चीन की सेनाएं पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरू हो गई हैं। पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटाना शुरू कर दिए हैं। सैनिक गाडियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जा रहे हैं। इस प्रोसेस के पूरा होने के बाद डेमचोक और देपसांग में दोनों सेनाएं पेट्रोलिंग कर सकेंगी। यह पेट्रोलिंग 10 दिन बाद शुरू हो सकती है। इसकी 2 शर्तें हैं। पहली- दोनों देशों की सेनाएं इन इलाकों में अलग-अलग दिन पेट्रोलिंग करेंगी। दूसरी- दोनों देशों की सेनाओं को एक-दूसरे को पहले से इसकी सूचना देनी होगी। 2020 में भारत-चीन के बीच गलवान में टकराव के बाद डेमचोक और देपसांग में तनाव के हालात बने हुए थे। भारत और चीन के बीच 21 अक्टूबर को नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि गलवान जैसी झड़प न हो और वहां पहले जैसे हालात बनाने के लिए समझौता किया गया है। सैनिकों के पूरी तरह पीछे हटने के बाद करीब 10 दिन के भीतर पेट्रोलिंग शुरू हो सकती है। पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

पर अब भी खत्म नहीं हुआ विवाद

एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर जो समझौता हुआ है, उससे रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, अब भी भारत और चीन के बीच सीमा पर विवाद खत्म नहीं हुआ है। भारत और चीन 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करती है। इसे दुनिया की सबसे लंबी विवादित सीमा भी कहा जाता है। ये सीमा तीन सेक्टर्स- ईस्टर्न, मिडिल और वेस्टर्न में बांटा गया है। लद्दाख वेस्टर्न सेक्टर में आता है। भारत और चीन के बीच कोई आधिकारिक सीमा नहीं है और इसकी वजह चीन ही है और इसी वजह से विवाद का कोई हल नहीं निकल पाता। चीन, अरुणाचल प्रदेश की 90 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर दावा करता है और उसे दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। इसी तरह से 2 मार्च 1963 को हुए एक समझौते के तहत पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर की 5,180 वर्ग किमी जमीन चीन को दे दी थी। जबकि, लद्दाख के 38 हजार वर्ग किमी इलाके पर चीन का अवैध कब्जा पहले से ही है। कुल मिलाकर 43,180 वर्ग किमी जमीन पर अभी भी विवाद है। सीमा विवाद सुलझाने के लिए क्या हुआ- 1993 में समझौता हुआ कि दोनों देश बातचीत से सीमा विवाद सुलझाएंगे। फिर 1996 में भी एक समझौता हुआ, जिसमें तय हुआ कि दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ ताकत का इस्तेमाल नहीं करेंगे। इसके बाद 2005, 2012 और 2013 में भी समझौते हुए। इनमें तय हुआ कि सीमा पर दोनों देशों की जो स्थिति है, वही रहेगी। हालांकि, इन समझौतों के बावजूद चीन सीमा पर उकसाने वाली हरकतें करता है।

7 देशों से लगती है भारत की सीमा

भारत की सीमा 7 देशों से लगती है। इसकी लंबाई 15,106 किलोमीटर है। जिन सात देशों से भारत की सीमा लगती है, उनमें बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, भूटान और अफगानिस्तान हैं। इन 7 देशों में से सिर्फ चीन, पाकिस्तान और नेपाल के साथ ही सीमा विवाद है। बांग्लादेश के साथ भी पहले 6.1 किलोमीटर की सीमा पर विवाद था, जिसे 2011 में निपटा लिया गया था। इसके बाद 2014 में भारत-बांग्लादेश के बीच समुद्री सीमा का मामला भी हल हो गया था।

मधु कोड़ा नहीं लड़ सकेंगे विधानसभा चुनाव, सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज

संवाददाता

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा विधानसभा चुनाव लडने की तैयारी कर रहे थे। अब उनके इस सपने पर ग्रहण लग गया है। कोयला घोटाला मामले में तीन साल की सजा पाए मधु कोड़ा ने दोषसिद्धी पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शुक्रवार सुप्रीम कोर्ट ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया है।

जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की पीठ में उन्होंने दोषसिद्धी पर रोक के लिए याचिका लगाई थी। अदालत ने गुरुवार को कहा था कि याचिका की फाइल देर से मिलने की वजह से उस पर गौर नहीं किया जा सका। ऐसे में सुनवाई शुक्रवार को होगी। आज अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है।

2017 में मिली है तीन साल की सजा

पूर्व सीएम मधु कोड़ा को झारखंड के राजहरा उत्तर कोयला ब्लॉक को गलत तरीके से आवंटित किए जाने के मामले में तीन साल की सजा निचली अदालत ने सुनाई थी। निचली अदालत ने 13 दिसंबर 2017 को मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और विजय जोशी को भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने और पावर का दुरुपयोग करते हुए कोलकाता स्थित कंपनी विनी आयरन एंड स्टील उद्योग लिमिटेड को कोल ब्लॉक आवंटित करने के मामले में दोषी पाया था। यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए कोयला घोटाले में वीआईएसयूएल, मधु कोड़ा और एचसी गुप्ता पर 50 लाख और 25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था।

लुईस मरांडी को जामा से मिला झामुमो का टिकट

झामुमो ने सरायकेला से गणेश महली को बनाया उम्मीदवार

संवाददाता

दुमका । झामुमो ने दुमका विधानसभा क्षेत्र से डॉ. लुईस मरांडी को टिकट दिया है।शुक्रवार को झामुमो ने अपनी 5 वीं सूची जारी कर डॉ लुईस मरांडी को जामा से झामुमो प्रत्याशी घोषित किया।डॉ लुईस मरांडी राज्य के मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन से मिलीं।मौके पर जामा के कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।बता दें कि रघुवर सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुकी डॉ लुईस मरांडी दुमका से भाजपा टिकट की दावेदार थीं पर पार्टी ने टिकट नहीं दिया तब उन्होंने भाजपा छोड़ कर झामुमो का दामन थाम लिया था।डॉ. लुईस मरांडी को जामा से झामुमो का टिकट मिलने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की है। जारी सूची में सरायकेला से गणेश महली को टिकट दिया गया है। गणेश महली ने भाजपा छोड़ जेएमएम का दामन थाम लिया है। चंपाई सोरेन और गणेश महली में वहां टक्कर होगी। दूसरी ओर, खूंटी सीट पर झामुमो ने प्रत्याशी बदलते हुए रामसूर्य मुंडा को टिकट दे दिया है। झामुमो ने इससे पहले 23 अक्टूबर को जो तीसरी सूची जारी की थी, जिसमें खूंटी से स्नेहलता कन्डूलना को टिकट दिया था लेकिन चौबीस घंटे के अंदर उम्मीदवार बदलते हुए रामसूर्य मुंडा को टिकट दे दिया । झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने गुरुवार देर रात सूची जारी की है। उल्लेखनीय है कि झामुमो ने 22 अक्टूबर को 35 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद दूसरी सूची 23 को रांची सीट के लिए एक उम्मीदवार घोषित की गई थी। फिर 23 अक्टूबर को 5 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की गई थी।

चंपाई सोरेन, सुदेश महतो, लोबिन हेम्ब्रम ने किया नामांकन

कोल्हान नहीं बल्कि पूरे झारखंड में भाजपा की लहर : चंपाई

● यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम : सुदेश महतो

संवाददाता

सरायकेला । सरायकेला खरसावां जिला के सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने सरायकेला के अनुमंडल कार्यालय नामांकन करने पहुंचे। जहां भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा एक साथ सैकड़ो की संख्या में दोनों तरफ से कार्यकर्ता नजर आए। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र 51 से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने नामांकन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरायकेला ही नहीं, कोल्हान नहीं बल्कि पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है।पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार झारखंड में बनने जा रही है। वहीं उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में हेमंत सरकार को आड़े हाथ लिया।

रांची। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सिल्ली विधानसभा की जनता विकासवादी है। हम जनता को जानते हैं वो हमें समझते हैं। हमारा काम ही हमारी पहचान है। हमने क्षेत्र को विकास के सभी मानकों पर स्थापित किया है। सुदेश कुमार महतो शुक्रवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के बाद बोल रहे थे।

नामांकन से पूर्व मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय भवन तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा समेत आजसू के हज़ारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

साहिबगंज। विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे व अंतिम चरण के नामांकन प्रक्रिया के तहत चौथे दिन शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने अपने एक प्रस्तावक के साथ सदर अनुमंडल कार्यालय स्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। वहीं निर्दल प्रत्याशी मंडल हांसदा ने भी नामांकन किया।

कोलकाता से नवादा जा रहे युवक के पास से 25 लाख रूपया बरामद

संवाददाता

कोडरमा । कोलकाता से नवादा जा रहे युवक के पास से 25 लाख रूपया बरामद हुआ है। शुक्रवार को कोडरमा पुलिस ने जवाहर घाटी चेक पोस्ट से 25 लाख रुपया बरामद किया है।इसकी पुष्टि डीआईजी सुनील भास्कर ने करते हुए कहा कि मजीद खान नाम के व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में रखा है।चंदवारा थाना में पुलिस पूछताछ कर रही है। मजीद कोलकाता से 25 लाख नगद लेकर बिहार के नवादा जा रहा था।इसी क्रम में जवाहर घाटी चेकपोस्ट के पास जांच के लिए रोका गया तो नगद पैसा मिला। जांचकर्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जानकारी कंट्रोल रूम और इनकम टैक्स विभाग को दी।

देवघर वाहन से सात लाख बरामद

देवघर। विधानसभा चुनाव एलान के बाद जिले के जसीडीह थाना इलाके के टाभाघाट मोड़ के पास शुक्रवार को एफएसटी की टीम ने जांच के क्रम में एक प्राइवेट वाहन से करीब सात लाख रूपये बरामद किया है। पुलिस रूपये को जब्त कर जांच करने में जुटी है। पुलिस यह जाँच में जुटी है कि यह रूपया कहां और किस लिये ले जाया जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि यह राशि एक पेट्रोल पंप मालिक का है। पुलिस रूपये बरामदगी के मामले में जांच करने में जुटी है।

बहरागोड़ा में दो लाख 35 हजार रुपए जब्त

पूर्वी सिंहभूम । झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एसएसटी का संयुक्त जांच अभियान जारी है।इसके तहत शुक्रवार सुबह जांच टीम में शामिल मजिस्ट्रेट अभिजीत बेरा ने पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम निवासी प्रणव सीट की महिंद्र बोलोरो मैक्स से दो लाख 35 हजार रुपए नकद जब्त किया है।पूछताछ करने पर कैश के संबंध में उन्होंने सही जानकारी और वैध दस्तावेज नहीं दिखाया। उन्होंने प्रशासन को बताया कि कि यह पैसा दुकान की ग्रॉसरी सामान लाने के लिए बहरागोड़ा जा रहे थे।इसके बाद प्रशासन की ओर से नियमानुसार रुपए जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

पुणे में 138 करोड़ रुपए का सोना जब्त

मुंबई । पुणे जिले के सहकार नगर इलाके में पुणे-सातारा रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक टेंपो से 138 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। इस मामले की छानबीन आयकर विभाग की टीम और चुनाव आयोग की टीम कर रही है। पुणे की पुलिस उपायुक्त स्मार्तना पाटिल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस शुक्रवार को सहकार नगर इलाके में नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध टेंपो दिखने पर उसे रोक गया और टेंपो की तलाश ली गई। टेंपो की तलाश के दौरान 138 करोड़ रुपये का सोना मिला। पुलिस ने सोना को जब्त कर लिया और इसकी सूचना तत्काल चुनाव आयोग और आयकर विभाग को दी गई है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

गैंगस्टर अमन साहू को नहीं मिले प्रस्तावक, नहीं हो सका नामांकन

रामगढ़ । अंतर्राज्यीय गैंगस्टर अमन साहू का बड़कागांव विधानसभा से चुनाव लड़ने का सपना चकनाचूर हो गया। नामांकन की आखिरी तारीख तक अमन साहू ने तकनीकी अड़चन दूर करने के लिए काफी प्रयास किया। लेकिन अंततः प्रस्तावक जुटाने में विफल रहा। उसे पर्याप्त प्रस्तावक नहीं मिले, जिसकी वजह से उसका नामांकन दाखिल नहीं हो सका। रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के बाहर अमन साहू की मां किरण देवी, पिता निरंजन साहू और परिवार के अन्य सदस्य शुक्रवार की दोपहर घंटों इंतजार करते रहे। वकील भी लगातार प्रस्तावक को जुटाने में लग रहे। लेकिन प्रस्तावों की लिस्ट पूरी नहीं हो पाई।

हिमाचल में बनीं 23 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला । हिमाचल प्रदेश में बनी 23 दवाएं केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के मानकों पर खरी नहीं उतरीं। इनके सैंपल फेल हो गए हैं। यह दवाएं हार्ट अटैक, ब्लड शुगर और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होती हैं। दवाओं के सैंपल फेल होने के बाद हिमाचल में फार्मा कंपनियों में हडकंप मच गया है। ड्रग कंट्रोलर ने कंपनियों को दवाओं का स्टॉक देशभर से वापस मंगाने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि हिमाचल में बनी दवाइयां पूरे देश में सप्लाई की जाती है। स्टेट ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर ने बताया कि सीडीएससीओ के अलर्ट के बाद सभी दवा कंपनियों को नोटिस जारी कर दिया है। इसका जवाब मिलने के बाद इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी साल सितंबर महीने में सीडीएससीओ और स्टेट ड्रग कंट्रोलर ने प्रदेश में विभिन्न दवा निर्माता कंपनियों के सैंपल भरे। जिसके बाद सीडीएससीओ ने लैब में जांच के बाद इनकी रिपोर्ट शेयर की है। इसके मुताबिक 49 में से 20 सैंपल सीडीएससीओ की जांच में और 18 में से 3 दवाओं के सैंपल ड्रग कंट्रोलर की जांच में फेल पाए गए।

ईडी की टीम दूसरे दिन भी जांच करने पहुंची सीटीएस प्लांट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज । जिले में 1000 करोड़ की अवैध खनन व मनी लेंडिग के मामले में जांच फिर से हुई तेज हो गई है.जहां ईडी के चार सदस्य टीम गुरुवार को साहिबगंज पहुंचकर राजेश यादव की तलाश में अर्धसैनिक बल के साथ इनोवा कार में सवार होकर गुरुवार को शोभापुर भट्ट सुनील यादव के आवासीय पर जहां करीब 20 मिनट तक पूछताछ की थी 7 इसके बाद ईडी की टीम निकालकर जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत मारीकुटी मौजा के महादेवगंज स्थित सीटीएस प्लांट पहुंची थी। वहां पूछताछ करने के बाद वापस लौट गई थी।वही आज शुक्रवार को फिर ईडी की टीम सीटीएस क्रेशर प्लांट पहुंची सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम दूसरे दिन भी सीटीएस माइंस की नापी कर रही है. जहाँ पांच गाड़ियों में ईडी की टीम पहुंची है। महादेवगंज सीटीएस प्लांट में मिली जानकारी के अनुसार टीम ने कई दस्तावेज मांगा उसके बाद सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला गया बताया जा रहा है कि जो खदान है वहां पहुंची है जो खदान की मापी है उसको लेकर तैयारी कर रही है।क्योंकि अवैध खनन का भी मामला सामने आ रहा है साहिबगंज जिले में ईडी ने 1000 करोड़ का मामला पाया था जिसको लेकर ईडी की टीम यहां पहुंची है और कई ऐसे जो खदानें हैं जो अवैध खनन हुआ है उसको लेकर भी जांच भविष्य में हो सकती है।

गिरिडीह में किताब कारोबारी और स्टील फैक्ट्री संचालक के घर इनकम टैक्स का छापा

संवाददाता

गिरिडीह । गिरिडीह में एक बार फिर इनकम टैक्स की टीम शुक्रवार अहले सुबह छापेमारी करने के पहुंची है। चुनावी माहौल में इनकम टैक्स की टीम इस बार किसी नेता के घर नहीं बल्कि दो बिजनस मैन के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। समझा जाता है कि इनकम टैक्स की चोरी के मामले को लेकर यह छापेमारी की जा रही है। हालांकि फिलहाल इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। बता दें कि इस बार इनकम टैक्स विभाग की टीम गिरिडीह में किताब कॉपी के कारोबारी मनीष बरनवाल उर्फ मिंटू के बरगंडा स्थित आवास में छापेमारी कर रही है। किताबों के व्यापार से जुड़े व्यवसाय मनीष बरनवाल उर्फ मिंटू का गिरिडीह के जेपी चौक पर शारदा भवन नामक किताब कॉपी का दुकान संचालित है। उनके आवास पर सुबह-सुबह आयकर विभाग रांची की टीम पहुंची और छापेमारी करने में जुटी है। वहीं आयकर विभाग की दूसरी टीम गिरिडीह के औधोगिक क्षेत्र में संचालित शैलपुत्री स्टील नामक फैक्ट्री के संचालक राकेश बरनवाल के आवास और फैक्टरी में भी छापेमारी कर रही है। दोनों व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमारी करने आयकर विभाग की टीम में शामिल दर्जनाधिक अधिकारी अलग-अलग वाहनों से पहुंची है। आशंका जाहिर की जा रही है कि दोनों ही करोबारियों द्वारा कथित रूप से आयकर की चोरी की गई हो। जिसे लेकर ही विभाग द्वारा छापेमारी की जा रही है। हालांकि अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

बरहरवा चेक नाका से 2 लाख कैश बरामद

बरहरवा । थाना क्षेत्र के महताबपुर चेक नाका पर पुलिस को मिली एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2 लाख रुपये की नकद बरामद की है। कार्रवाई आज सुबह उस समय की गई, जब स्थानीय पुलिस ने चेक नाके पर वाहनों की सघन तलाशी की जा रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद टीम ने महताबपुर चेक नाका पर विभिन्न वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान, एक वाहन की तलाशी लेने पर 2 लाख रुपये की नकद राशि बरामद हुई। पिछले कुछ समय से ऐसी संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टें मिल रही थीं, जिसके चलते पुलिस ने चेक नाकों पर जांच बढ़ा दी थी। अधिकारियों ने बताया कि बरामद की गई राशि का कोई उचित दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके कारण पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

लोहरदगा में वाहन जांच के दौरान दो लाख 25 हज़ार बरामद

लोहरदगा । सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर कंडरा चौक में स्थित अस्थायी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान नगद राशि बरामद। झसरखंड विधानसभा आम चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करने के उद्देश्य से एसएसटी ग्रुप सी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान एक कार (जे एच 01डी जी 0923) के डिगी से दो लाख 25 हजार रुपये नकद बरामद किया गया।

बरामद राशि को वाहन जांच के दौरान तैनात दंडाधिकारी एव पुलिस जवान के मौजूदगी में विधिवत जब्त किया गया। वहीं जब्त राशि की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दिया गया, जिसे वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ मुदस्सर नजर मंसूरी एव थाना प्रभारी अजीत कुमार के उपस्थिति में बरामद राशि की गिनती कि गई।

विधवा पेंशन से लेकर छात्र योजनाओं तक हेमंत सरकार ने सबको धोखा दिया : बाबूलाल

संवाददाता

बोकारो । बोकारो में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस की सरकार ने झारखंड की जनता से पांच सालों तक छल किया है। साथ ही 2019 में किए हेमंत सोरेन के वादों पर भी सरकार को घेरा है।

मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि गरीबों को साल में 7200 रुपये देंगे महिलाओं को चूल्हा खर्चा के लिए 2 हजार रुपये प्रतिमाह देंगे। बच्चियों को कहा था कि शादी के लिए उन्हें सोने का सिक्का देंगे। विधवाओं को भी 2500 रुपये पेंशन देने का झूठा वादा किया। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि पांच लाख नौकरी तो छोड़ दीजिए, बल्कि पांच साल में जितनी परीक्षाएं हुई सभी में पेपर लीक हुए। साथ ही कहा कि पूरे पांच सालों तक जनता को सरकार ने ठगा भी और लूटा भी। मरांडी ने कहा कि चुनाव नजदीक आया तो महिलाओं को मंईयां योजना के नाम पर 1000 रुपये देना शुरू कर दी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण की योजनाएं आम लोगों तक पहुंच रही है। भाजपा ने गरीबों को पक्का मकान दिलाया। आयुष्मान योजना के तहत बीमार अस्तपताल में पांच लाख तक का इलाज करा सकता है। महिलाओं को गैस कनेक्शन, हर घर सौचालय और किसानों के खाते सहायता राशि दी जा रही है। देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति पांच किलो राशन मिल दिया जा रहा है। झारखंड में भी दो करोड़ लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड में यदि भाजपा की सरकार बनेगी तो महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक माह के 11 तारीख को महिलाओं खाते में 2100 रुपये गोगो दीदी योजना के तहत डाले जाएंगे। साथ ही कहा कि 500 रुपये में गैस सिलेंडर और पर्व त्योहार के लिए साल में 2 गैस सिलेंडर मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा बी.ए और एम.एम पास कर रोजगार के लिए भटकते हैं उन युवाओं को 2 साल तक 2000 प्रति माह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि वह अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें।

झामुमो पर जितना प्रहार करेंगे, वह उतना मजबूत होगा : सुप्रियो भट्टाचार्य

संवाददाता

रांची । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव की तैयारी जोर शोर से शुरु हो गई है। नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को बड़ी संख्या में हुई। उसमें लोगों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। पूरा का पूरा झारखंड अपने जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए आतुर था। बड़ी संख्या में युवा, मजदूर, महिला, पुरुष मजदूर , किसान साहेबगंज से शुरू करे और पश्चिमी सिंहभूम तक गये। हर तरफ का नजारा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए था। लेकिन लोकतंत्र के महापर्व को दूसरी साजिश के तहत भाजपा की ओर से भ्रम पैदा करने का काम किया गया, यहां राजनीतिक घुसपैठ हुआ है। जब यहां केंद्रीय मंत्री और दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री विफल हो गये, तो लगाम कसने वाली संस्था ईडी को आगे कर दिया। उन्होंने कहा कि नुक्कड़-नुक्कड़ घुम रहे उनके मुख्यमंत्री। झारखंड के लोगों ने तय कर दिया कि उन्हें दहाई भी नहीं मिलेगा। केंद्रीय एजेंसियों ने क्या जांच कर लिया। झामुमो पर जितना प्रहार करेंगे, वह उतना मजबूत होगा।

भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 से हेमंत सोरेन की सरकार आई, हम लोग महामारी से जूझते रहे, राज्य सरकार के कार्य को रोकने के लिए कार्य हुए।

हमारे प्रिय राज्य मंत्री रहे उस परिवार को तरह-तरह की परेशानी में डाला गया। गुरुवार को साहेबगंज में नामांकन हुए, वहां भी बिना तथ्य की कार्यवाही हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव हार गई है। इसलिए अब उनका एक ही कार्य है कि विधानसभा चुनाव को कैसे प्रभावित करें।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है, लोगों के पास हम अपने कार्य को लेकर जा रहे हैं। चुनाव आयोग पूरी तरह से बहरी हो गई है। हिंसा की बात बोली जा रही है, उस पर मौन है। भाजपा यहां की पहचान मिटाना चाहती है। इलाके का नाम वनांचल किया जाये, हमने झारखंड के नाम से इस प्रांत का गठन का मार्ग बनाया। झारखंड बन गया। अब संथाल परगना में साजिश शुरू कर दी गयी है।

बिरंची नारायण ने किया नामांकन

बोकारो । बोकारो विधानसभा से लगातार तीन बार भाजपा की टिकट पर बिरंचि नारायण ने शुक्रवार को चास अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी मौजूद रहे।मीडिया से बातचीत के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधायक इरफान अंसारी के द्वारा सीता सोरेन के खिलाफ दिए बयान पर कहा कि यह हार की बौखलाहट है। क्योंकि इस बार इरफान अंसारी बुरी तरह चुनाव हार रहे हैं। सीता सोरेन जीत रही है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि संथाल परगना में लगातार डेमोग्राफी बदल रही है जिसका खामियाजा आदिवासियों को भुगतना पड़ रहा। अपने आप को आदिवासियों का हितैषी कहने वाले हेमंत सोरेन की यही सच्चाई है।बिरंचि नारायण ने पर्चा दाखिल करने के बाद कहा कि अपने कार्यकाल में किया वादे पर खरा उतरा हैं। जो काम अधूरा बचा है उसे भी पूरा करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में बोकारो विधानसभा नंबर वन विधानसभा बनेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, कांग्रेस उम्मीदवार घोषणा में हो रही विलंब पर उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि कांग्रेस समझा नहीं पा रही है कि उनका प्रत्याशी अपनी जमानत कैसे बचाएगा।

बरही से अरुण साहू ने किया नामांकन

हजारीबाग । बरही विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने नामांकन किया है।वहीं कांग्रेस ने वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला का कांग्रेस ने टिकट काट दिया है।जिन्होंने समाजवादी पार्टी से अपना नामांकन दाखिल किया।इसके अलावे भी अविनाश आर्या, केदार यादव निर्दलीय, सुनील कुमार निर्दलीय राजकुमार यादव, अटल विचार मंच से रामाशीष सिंह, समेत कई उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।वही बरकट्ठा विधानसभा से अटल विचार मंच से अनूप भाई वर्मा,निर्दलीय बालेश्वर राम, राष्ट्रीय लोकदल से राम प्रसाद, सुजीत कुमार निर्दलीय,एनसीपी से सुखदेव यादव, बसपा से सरयू प्रसाद वर्मा, गौतम कुमार निर्दलीय, अनिल राय निर्दलीय, समता पार्टी से वीरेंद्र यादव, समेत कई उम्मीदवारों ने नामांकन दर्ज किया है।इस दौरान भारी संख्या में उम्मीदवार के समर्थक अनुमंडल कार्यालय में उपस्थित रहे।

गोमिया से योगेन्द्र ने किया नामांकन

बोकारो । बोकारो जिले की गोमिया विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी योगेन्द्र प्रसाद ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी के समक्ष नामजदगी का पर्चा दाखिल किया।इस अवसर पर पेटरवार के चीनी मैदान में आयोजित जनसभा में योगेन्द्र प्रसाद के अलावा राज्य की मंत्री बेबी देवी, टुंडी विधायक मथुरा महतो, पूर्व मंत्री व चंदनकियारी से झामुमो प्रत्याशी सहित अन्य नेता शामिल हुए।सभी ने भाजपा व केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और लोगों से झामुमो को विजयी बनाने की अपील की. मौके पर फागू बेसरा, विमल जायसवाल, हीरालाल मांझी आदि मौजूद थे।सभा में सीएम हेमंत सोरेन व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को भाग लेना था, लेकिन खराब मौसम के कारण दोनों नहीं पहुंच सके।

सिमरिया से 11 व चतरा से 12 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

चतरा । झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन के निमित जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा में पहले चरण का मतदान होना है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने 23 सेट में अपना नामांकन पत्र भरा। चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने 26 सेट में अपना नामांकन पत्र भरा। उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 व 30 अक्टूबर को नाम वापसी होना है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से मनोज चंद्रा, भारतीय जनता पार्टी से कुमार उज्ज्वल, बीएसपी से रामावतार राम, झारखण्ड पार्टी से लालकिशोर दास, निर्दलीय विनय कुमार, निर्दलीय विकास कुमार, विनोद कुमार, सीपीआई से सुरेश कुमार, निर्दलीय सदानंद भुइयां, जेएलकेएम से जितेंद्र कुमार, निर्दलीय से शंकर राज ने अपना नामांकन भरा। इसी प्रकार कुल 11 प्रत्याशियों ने 23 सेट में अपना नामांकन पत्र भरा। चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों द्वारा कुल 26 सेट में नामांकन भरा गया। राष्ट्रीय जनता दल से रश्मि प्रकाश, लोजपा से जनार्दन पासवान, बीएसपी से चंद्रशेखर कुमार, एआईएमआईएम से सुबोध पासवान, निर्दलीय से अशोक गहलोत, उमेश भारती, मनोज भुइयां, सीपीआईएम से पुन भुइयां, सीपीआई से डोमन भुइयां, जेएलकेएम से अशोक भारती, अखिल भारत हिन्दू महासभा से सागर राम, लोकहित अधिकार पार्टी से अशोक कुमार डोम ने अपना नामांकन भरा।

बड़कागांव विधानसभा से आखिरी दिन 17 लोगों ने किया नामांकन, कुल प्रत्याशि हुए 28

रामगढ़ । बड़कागांव विधानसभा से शुक्रवार को नामांकन के आखिरी दिन कुल 17 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा भरा है। इस विधानसभा से कुल 28 उम्मीदवार अपना पर्चा भर चुके हैं। शुक्रवार को पर्चा भरने वालों में सोहर महतो, मो हसन, बालेश्वर कुमार, मो शमीम मियां, अनिरुद्ध कुमार, सुनील कुमार बेदिया, अमन कुमार, फुलेश्वर कुमार, महेश प्रसाद साव, जगतार सिंह, रंजन सोनी, झरी मुंडा, प्रकाश सोनी, कामेश्वर कुमार दास, लाल देव मुंडा, बिट्टू कुमार सिंह और राज किशोर चौधरी शामिल हैं। बड़कागांव विधानसभा से नामांकन की आखिरी तारीख को भी चार लोगों ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा था। उन सभी लोगों ने अपना नॉमिनेशन भी कर दिया। रामगढ़ विधानसभा से शुक्रवार को ना तो किसी ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा और ना ही किसी ने अपना नामांकन दर्ज कराया। अब तक इस विधानसभा से कुल 17 उम्मीदवारों ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा है। एक व्यक्ति ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

भारी बारिश के बीच भाजपा के राज और तारा ने किया नॉमिनेशन

धनबाद । भारी बारिश के बीच शुक्रवार को दो प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। जिनमें धनबाद से राज सिन्हा तो सिंदरी विधानसभा सीट के लिए तारा देवी नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह मौजूद रहे। वहीं भारी बारिश में भी राज सिन्हा और उनके समर्थकों के जोश में कोई कमी नहीं दिखी। उनके साथ भारी संख्या में समर्थक मौजूद थे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ उनका समर्थन किया। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए राज सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस के पास मेरे खिलाफ खड़ा करने के लिए प्रत्याशी ही नही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी और जनता का जो भरोसा उन पर है, उसे वह विकास कार्यों के माध्यम से आगे बढ़ाते रहेंगे। राज सिन्हा ने कहा कि धनबाद की जनता के आशीर्वाद और समर्थन के साथ मैं एक बार फिर सेवा का अवसर पाने के लिए प्रयासरत हूँ। हमारे क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के जो कार्य शुरू किए गए हैं, उन्हें पूरा करने का मेरा संकल्प है।

मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनेंगे महेंद्र सिंह धोनी : के रवि कुमार

51 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त

● आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड श्री के रवि कुमार ने बताया कि मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का हिस्सा बनेंगे। इस आशय का पत्र उन्होंने निर्वाचन आयोग को दिया है। निर्वाचन आयोग उनकी तस्वीर का उपयोग स्वीप के कार्यक्रमों में करेगा। वहीं मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करनेवाली उनकी अपील का उपयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने में होगा। उन्होंने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के

कार्यालय से जुड़ कर मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करेंगे। कहा, नामचीन शख्सियत के जुड़ाव से मतदाता जागरूकता अभियान को बल मिलेगा। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को हजारीबाग और रामगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण किये और स्वीप की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम में कुछ त्रुटियां मिलीं, जिनके अविलंब निराकरण के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अवधि खत्म हो गयी है। नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं। उसमें सर्वाधिक 9 प्राथमिकी गढ़वा जिले में दर्ज हुईं हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51.17 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं।

ब्रह्मदेव प्रसाद और उनकी पत्नी ने दाखिल किया नामांकन

संवाददाता

गढ़वा/पलामू । बिश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रणभूमि में एक अनोखा और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ब्रह्मदेव प्रसाद ने व्हीलचेयर पर बैठकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ उनकी पत्नी रजनी देवी ने भी अपने पक्ष से नामांकन दाखिल किया। इस साहसिक कदम ने पूरे क्षेत्र में उनकी जनता के प्रति निष्ठा और समर्पण की मिसाल कायम कर दी है। हाल ही में हुए सड़क हादसे में ब्रह्मदेव प्रसाद को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनका स्वास्थ्य अभी भी नाजुक है। इसके बावजूद, अपने क्षेत्र के प्रति उनकी सेवा भावना में कोई कमी नहीं आई। दुर्घटना के बाद भी जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने नामांकन के लिए जाने का फैसला

किया। उनके साथ उनकी पत्नी रजनी देवी ने भी जनता की सेवा के अपने संकल्प के तहत अलग से नामांकन दाखिल किया।

इस तरह, दोनों ने व्यक्तिगत तौर पर क्षेत्र के विकास और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रकट किया है। इस मौके पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने भावुक होकर कहा, मेरे स्वास्थ्य की तकलीफों से ज्यादा मेरे लिए जनता का विश्वास और उनके प्रति मेरी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। मुझे आप सभी के आशीर्वाद और समर्थन की आवश्यकता है ताकि इस चुनौतीपूर्ण समय में आगे बढ़ सकूं।÷ उनके साहसिक कदम ने क्षेत्र के लोगों को गहराई से प्रभावित किया, जिन्होंने इस अवसर पर उनका जोरदार स्वागत किया और उनके प्रति समर्थन जताया।

आधी रात को कटा कांग्रेस विधायक का टिकट, तड़के चार बजे शामिल हो गए समाजवादी पार्टी में

टिकट के एवज में झारखण्ड प्रभारी ने मांगे 2 करोड़ रुपए : उमाशंकर

संवाददाता

रांची । झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टियों में टिकटों के बंटवारे से लेकर नेताओं के पाला बदल का अजब-गजब खेल चल रहा है। ऐसा ही एक दिलचस्प घटनाक्रम गुरुवार-शुक्रवार की देर रात सामने आया, जब कांग्रेस ने आधी रात को अपने एक सीटिंग विधायक का टिकट काटा तो चार घंटे बाद सुबह चार बजे वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और टिकट भी हासिल कर लिया।कांग्रेस पार्टी ने झारखंड में अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट गुरुवार की रात करीब 11.30 बजे जारी की। इस

लिस्ट में हजारीबाग जिले की बरही सीट से पार्टी के सीटिंग विधायक उमाशंकर यादव अकेला की जगह अरुण साहू का नाम था।

।पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस के प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाया है। अकेला ने कहा है कि टिकट के एवज में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी ने उनसे 2 करोड़ रुपए मांगे थे।पैसे नहीं देने पर उनका टिकट काट दिया।कांग्रेस ने इस बार अकेला को बरही से टिकट नहीं दिया है।उनकी जगह पार्टी ने अरुण साहू को अपना उम्मीदवार बनाया है।उमाशंकर अकेला ने समाजवादी पार्टी का दामन थामने के बाद सीधे तौर पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पर पार्टी टिकट देने के एवज में पैसे मांगने के आरोप लगाए हैं।

रांची में तालाब में मिला छात्र का शव

रांची । कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चडरी तालाब से सरला बिरला स्कूल के छात्र का शव मिला है। छात्र की पहचान रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इरगु टोली के रहने वाले रौनक (19) के रूप में हुई है। वह गुरुवार को आठ बजे कॉलेज के लिए निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि रौनक के पिता गुरुवार की शाम उसकी तस्वीर लेकर थाने में आए थे लेकिन उन्होंने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया। सिर्फ रौनक की तस्वीर देकर थाने से लौट गए। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

इरफ़ान अंसारी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

रांची । भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचकर जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही ज्ञापन देकर मांग किया है कि विधान सभा चुनाव तक इरफान अंसारी को राज्य बदर कर दिया जाय और उनको नामांकन से रोका जाए। इसके अलावा उनके खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया जाय। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सीता सोरेन एक अनुसूचित जन जाति और विधवा महिला है और किसी विधवा महिला को ÷रिजेक्टेड माल÷ कहकर संबोधित करना न सिर्फ आदिवासियों का अपमान है बल्कि राज्य और देश के सभी विधवा महिलाओं का भी अपमान है। कांग्रेस पार्टी का आदिवासी महिला के बारे में क्या सोच है वो अब जग जाहिर हो चुका है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 में प्रावधान है कि जो कोई भी व्यक्ति किसी महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा गंभीर अपराध करेगा उसको दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज दुर्गा सोरेन जी जीवित होते तो क्या इरफान अंसारी ऐसा व्यक्ति उनकी पत्नी को ऐसा शब्द कह पाते ? प्रतिनिधिमंडल ने इरफान अंसारी के द्वारा कहा गया शब्द का वीडियो भी जमा किया है।

चेक बाउंस के आरोप में महिला को एक वर्ष कारावास की सजा, 4 लाख का जुर्माना भी

रांची । सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में ट्रायल फेस कर रही महिला आरोपी सुनीता कुमारी को दोषी करार दिया है।इसके साथ कोर्ट ने सुनीता को एक वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।कोर्ट ने सुनीता देवी पर 4 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। सुनीता के खिलाफ वेदिका आईटी सॉल्यूशन ने 20 मार्च 2023 को चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज करवाया किया था। उसपर यह आरोप था कि सुनीता कुमारी ने वेदिका आईटी सॉल्यूशन से 2 लाख 70 हजार 771 रुपए का कंप्यूटर पार्टस लिया था।जिसके भुगतान के एवज में कंपनी को चेक दिया गया था।कंपनी को दिया चेक बाउंस कर गया।

85 लाख का नशीला पदार्थ जब्त, तस्कर को भेजा जेल

संवाददाता

रामगढ़ । विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। करीब 85 लाख के नशीले पदार्थ डोडा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो पंजाब के भटिंडा का रहने वाला है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से दिया है। पंजाब के भटिंडा निवासी बाल करण सिंह ट्रेलर नंबर क्क03क - 9945 का मालिक सह चालक है जिसने ओड़िसा के राउरकेला स्टील प्लांट से अपने ट्रेलर में लोहे का रॉड लोड कर पंजाब के बटाला के लिये चला और रास्ते मे सिमडेगा से इसने 28 बोरी डोडा भी लोड किया जिसको लोहे के रॉड के नीचे छिपाकर रखा था। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने एक टीम का गठन किया जिसका नेतृत्व एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद ने किया और टेलर के मालिक सह चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। इस व्यक्ति के पास से 28 बोरी डोडा बरामद हुआ जिसका वजन 538 किलो है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि मुझे गुप्त सूचना मिली कि रांची की तरफ से एक बड़ी गाड़ी पर नारकोटिक्स पदार्थ लगा हुआ है जो रामगढ़ की ओर आ रहा है सूचना के बाद हमने तुरंत एक टीम का गठन किया जिसका नेतृत्व एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने किया जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए एन एच 33 पर गंडके मोड़ के समीप उस ट्रेलर का पीछा किया इसके बाद वह ट्रेलर और ही ज्यादा तेज गति से भागते हुए आगे जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, उसके बाद उस टेलर के ड्राइवर से पूछताछ करने के बाद पता चला कि उसमें लोहे के रॉड के ऊपर बोरियों में कुछ डोडा जैसे नशीले पदार्थ को बोरियों में रखा गया है जिसकी जांच डीडी किट से करने पर पता चला कि यह वह अफीम का डंठल डोडा ही है।

झारखंड विधानसभा चुनाव के रण में उतरीं नेता पत्नियां

संवाददाता

रांची । झारखंड विधानसभा चुनाव इस बार दो चरणों में होगा। अबतक जितनी सीटों के लिए विभिन्न पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें कई नेता पत्नियां भी नजर आ रही हैं। इन नेता पत्नियों को अपने परिवार की विरासत तो संभालनी ही है। साथ ही उन्हें अपने लिए राजनीति में जमीन में बनानी है। इन नेता पत्नियों में से कुछ की राजनीति में अच्छी पकड़ है और कुछ अभी शुरुआत ही कर रही हैं।

झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार कई नेता पत्नियां नजर आ रही हैं, इनमें कल्पना सोरेन, मीरा मुंडा, निशात आलम, सीता सोरेन और गीता कोड़ा शामिल हैं। झामुमो ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र से कल्पना सोरेन को टिकट दिया है। कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा चुनाव का उपचुनाव जीता था और वे यहां से फिर चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी को पोटका विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। जेएमएम ने ईचागढ़ से पूर्व उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो की पत्नी सबिता महतो को चुनावी मैदान में उतारा है। शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को पार्टी ने एक बार फिर डुमरी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया है।

कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम को पहली बार टिकट दिया गया है वे पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। ईडी की कार्रवाई के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा था और मंत्री पद से भी इस्तीफा देना पड़ा था। जामताड़ा सीट से भाजपा ने हेमंत सोरेन के बड़े भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन को टिकट दिया है वे जामताड़ा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी चुनाव में हैं, जो बजरंग महतो की पत्नी हैं और जिन्हें अपनी विधायिकी गोला गोली कांड में दोषी पाए जाने के बाद गंवानी पड़ी थी।

सिंदरी से बीमार विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी को बीजेपी ने टिकट दिया है और उनपर विश्वास जताया है। झरिया से पूर्व विधायक नीरज सिंह की पत्नी पूर्णिमा सिंह को कांग्रेस ने टिकट दिया है और उनके सामने हैं पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह उनपर भाजपा ने भरोसा जताया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी को भाजपा ने जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया है।

ईडी की कार्रवाई के बाद कल्पना सोरेन ने राजनीति में औपचारिक इंट्री ली। हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में पार्टी को बखूबी संभाला. पार्टी में कल्पना सोरेन के बढ़ते कद को देखकर ही सीता सोरेन बागी हुईं और भाजपा का दामन थाम लिया। कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा का उपचुनाव जीतकर जनता के बीच अपनी पैठ बनाई है। कल्पना सोरेन को परिवार जितना महत्व मिला और जिस तरह वे पार्टी में भी सक्रिय हुईं, इससे उनकी जेठानी सीता सोरेन नाराज हो गईं और लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ दिया। सीता सोरेन ने पति दुर्गा सोरेन की मौत के बाद राजनीति में कदम रखा था।

मीरा, निशात और तारा देवी ऐसी नेत्री हैं, जो पति की विरासत को संभालने के लिए चुनाव मैदान में उतरेंगी। इन्हें चुनाव लड़ने का कोई अनुभव नहीं हैं लेकिन परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि का इन्हें फायदा मिलेगा। सिंदरी से तारा देवी अपने बीमार पति की जगह चुनाव में उतरेंगी जबकि निशात आलम को पार्टी ने आलमगीर आलम पर ईडी की कार्रवाई के बाद टिकट दिया है। अर्जुन मुंडा खूंटी से लोकसभा का चुनाव हार गए थे।

धनबाद सिंह मेंशन की देवरानी-जेठानी यानी पूर्णिमा सिंह और रागिनी सिंह इस बार झरिया विधानसभा क्षेत्र में आमने-सामने हैं।

पूर्णिमा सिंह को कांग्रेस ने और रागिनी सिंह को भाजपा ने टिकट दिया है। दोनों पूर्व विधायकों की पत्नी हैं और अपने इलाके में इनका बड़ा रुतबा है। कभी सिंह मेंशन की एकता इलाके में प्रसिद्ध थी लेकिन आज देवरानी और जेठानी की प्रतिद्वंदिता की चर्चा है।

डीसी के निर्देश पर तीन डॉक्टरों का किया गया स्थानांतरण

साहिबगंज। जिले के बड़े सदर अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही व मनमानी को लेकर दूर दराज से आए मरीजों व उनके परिजनों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था. कभी डॉक्टर मरीजों को छोड़कर फरार हो जाते थे.तो कभी घंटो लेट पहुंचते. तो कभी नाइट ड्यूटी से कतराते थे. जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. जिसको लेकर अस्पताल में कई बार हंगामा भी हो चुके थे.अस्पताल की विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर डीएस मोहन मुर्मू व प्रशासनिक उपाधीक्षक मुकेश कुमार को नियुक्त किया गया था।इसके बाद भी डॉक्टरों की मनमानी हो रही थी। जहाँ डीसी हेमंत सती के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने शुक्रवार को तीन डॉक्टर का विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरण कर दिया है। वहीं तीनों डॉक्टरो को अपने नव प्रतिनियुक्ति संस्थान में दो दिनों के अंदर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। सीएस द्वारा जारी किए गए आदेश में सदर अस्पताल में पदस्थापित अस्थी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार को रेफरल अस्पताल बरहेट, रेफरल अस्पताल बरहेट के पदस्थापित अस्थी रोग विशेषज्ञ डॉ. तापस मुर्मू को सदर अस्पताल व सदर अस्पताल में पदस्थापित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शाहबाज हुसैन को अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में पदस्थापित किया गया है। सीएस के अनुसार बीते दिनों सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने अस्पताल के चिकित्सक के कार्य में व्यवधान उत्पन्न होने को लेकर मरीज के चिकित्सा हित में चिकित्सकों को अन्य जगह पर प्रतिनियुक्ति करने की अनुशंसा डीसी हेमंत सती से की थी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

चुनाव को लेकर हुआ एरिया डोमिनेशन

साहिबगंज। मुफ़स्सिल थाना पुलिस व आईटीबीपी फोर्स ने शुक्रवारा को भय मुक्त विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के 8 बूथों का एरिया डोमिनेशन किया। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन भयमुक्त व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए तैयार है।

आदिवासी बच्चियों का धर्मांतरण नहीं हो, यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी : माधव चंद्र

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- चालेपाड़ा स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी माधव चन्द्र महतो ने प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने कहा कि लंबे समय से यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा का शासन रहा है। आबुआ दिशोम आबुआ राज और आबुआ मुख्यमंत्री है लेकिन आप देखेंगे आदिवासी परंपरा की सभी चीजें विकास से महरूम दिखलाई पड़ते हैं। भारतीय जनता पार्टी इसबार अपनी प्रतिज्ञा के साथ मैदान में उतर रही है और वो पूरे डेमोग्राफी को अपने मुताबिक करते हुए हमलोगों ने एक संकल्प लिया है कि भारतीय जनता पार्टी ट्राइबल के लिए सबसे पहले ऑलचिकी भाषा माध्यम से हर विद्यालय में पढ़ाई होगी। सभी डाकबंग्ला परिसर में एक परगना भवन होगा। गांव में जो ट्राइबल विलेज हैं उनका जब बारात आता है तो पेड़ के नीचे ये लोग रहने का व्यवस्था करते हैं । भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनेगी तो हमलोग शादी का भवन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावे सोहराय, विश्व आदिवासी दिवस आदि ट्राइबल कल्चर का जो महापर्व है इसमें छुट्टी की घोषणा करेगी सरकार। इसके अलावे जो लेखा होड़-माझी, पारानीक, गुड़ित, जोग मांझी आदि है इन सभी लोगों का मानदेय सम्मान जनक हमलोग देंगे। और आदिवासी बच्चियों का धर्मांतरण न हो, ये हमारा टॉप प्रायॉरिटी रहेगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष किशन मुर्मू,जिला उपाध्यक्ष रंजीत तिवारी,पूर्व जिला उपाध्यक्ष तापस भट्टाचार्य, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश मंडल, चन्द्र मोहन घोष, विपद घोष, निमाई घोष, शिवधन हेम्ब्रम, लालटु घोष आदि मौजूद थे।

घरेलू विवाद में एसिड पीने से महिला हुई गंभीर

साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर दहला मोहल्ले में घरेलू विवाद में एसिड पीने से एक महिला गंभीर हो गई गंभीर महिला को परिजनों ने इलाज के लिए शुक्रवार की बीते रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में चिकित्सक ऋतुराज ने महिला के फौरन इलाज में जुट गए बताया जा रहा है कि रसूलपुर दहला निवासी मदन शाह की 55 वर्षीया पत्नी बदानी देवी घरेलू विवाद में एसिड पीने से गंभीर हो गई उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया इधर अस्पताल में चिकित्सक ऋतुराज ने बताया कि महिला एसिड पीने से गंभीर हो गई जिसको लेकर जिरवाबाडी पुलिस को सूचना दी गई पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है 7

प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभावार आवंटित किये गए ईवीएम

पाकुड़। विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार के द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन समाहरणालय सभागार में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, नॉमिनेशन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। रेंडमाइजेशन में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 04-लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा0), 05-पाकुड़, 06- महेशपुर (अ0ज0जा0) को मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 1014 मतदान केन्द्रों के लिए 1101 बीयू, 1101 सीयू एवं 1356 वीवीपैट आवंटित किए गए। अगला रैंडमाइजेशन 04 नवम्बर को प्रस्तावित है जिसमें बूथवार ईवीएम आवंटित किए जाएंगे। मौके पर अरुण कुमार एक्का, नोडल पदाधिकारी,ईवीएम कोषांग- सह-परियोजना निदेशक, आईटीडीए, मोहनलाल मरांडी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी आर.ओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

उधवा। झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को राधानगर थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इसका उद्देश्य चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस के जवानों ने थाना क्षेत्रों के चांदशहर ,आतापुर, केलाबाड़ी होते हुए मसना गांव तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान क्षेत्र के प्रत्येक जगहों पर पैदल मार्च कर मतदाताओं को भयमुक्त एवं शांति पूर्ण तरीके मतदान करने की अपील किया। साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। दूसरे चरण के लिए 20 नवम्बर को सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इसका हमसभी को पालन करना है। आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने वाले पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान राधानगर थाना के एसआई संजय दूबे ने आम नागरिकों से अपील करते हुए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चुनाव में शांतिव्यस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

राजमहल, बोरियो व बरहेट से चार ने किया नामांकन

संवाददाता

साहिबगंज। विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे व अंतिम चरण के नामांकन प्रक्रिया के तहत चौथे दिन शुक्रवार को ज़िला के राजमहल, बोरियो व बरहेट विस क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। राजमहल विस से कुल 01 नामांकन दाखिल हुए। पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी रामेश्वर मंडल ने राजमहल अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ कपिल कुमार के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। वहीं बरहेट विस से एक निर्दल प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। निर्दल प्रत्याशी सेवास्टियन हेंब्रम ने समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय में अपर समाहर्ता सह निर्वाची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत के कक्ष में उनके समक्ष नामांकन दाखिल किया। जबकि बोरियो विधानसभा से दो नामांकन दाखिल हुआ। भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने अपने एक प्रस्तावक के साथ सदर अनुमंडल कार्यालय स्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। वहीं निर्दल प्रत्याशी मंडल हांसदा ने भी नामांकन किया।

राजमहल से 01, बरहेट से 01 व बोरियो से 02 ने दाखिल किया नामांकन

अवैध शराब बेचने वालों को पुलिस बल ने खदेड़ा

संवाददाता

मंड़रो,साहिबगंज।मिर्जाचौकी रेलवे साइडिंग के समीप अवैध देशी महुआ शराब बेचने वालों को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में उडन दस्ता टीम के द्वारा आईटीबीपी जवान के साथ छापेमारी अभियान चलाया गया।इस दौरान देसी महुआ शराब बेचने और पीने वालों को खदेड़ा गया। वहीं दर्जनों लीटर बोतल में बंद देसी महुआ शराब को नष्ट किया गया।छापामारी के दौरान टीम के दंडाधिकारी मनीष कुमार ने अवैध देसी महुआ शराब बेचने वाले लोगों को हिदायत देकर कहा कि यहां पर किसी भी हाल में दुकान नहीं लगना चाहिए।लगती है,तो भी कार्रवाई की जाएगी।इधर भगैया स्थित पेट्रोल पंप के आगे पुल के पास भी देसी महुआ शराब बेचने वालों लोगों को खदेड़ा गया।जानकारी देते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी मनीष कुमार एवं क्लाइमेट सोरेन ने बताया,कि विधानसभा चुनाव को लेकर इस प्रकार की छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी कोई नही कर सके।मौके पर दंडाधिकारी द्वारिका महतो, क्लाइमेट सोरेन,मिर्जाचौकी थाना के एएसआई मिलन मिंज,विल्सन हांसदा सहित कई अन्य कर्मी शामिल थे।

उड़न दस्ता टीम ने झारखंड-बिहार सीमा स्थित चेकनाका पर की वाहन जांच

मंड़रो,साहिबगंज। उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड बिहार स्थिति मिर्जाचौकी चेकनाका पर उडन दस्ता दल टीम के द्वारा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट शमसुल हक व एएसआई संजय सिंह कि उपस्थिति में 20 छोटी व बड़ी वाहनों का जांच किया गया।वहीं वाहन जांच के दौरान वाहन से संबंधित कई कागजातों की जांच करते हुए सख्त निर्देश दिया गया।कहा कि जो भी वाहन चालक है,वो अपना वहान से संबंधित सभी प्रकार की कागजात लेकर साथ चले।मौके पर उड़न दस्ता दल टीम के दंडाधिकारी मनीष कुमार व क्लाइमेट सोरेन ने बताया की जांच के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद होती है,तो इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को दिया जाएगा,और कहा की विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना हम सभी का दायित्व है।मौके पर दंडाधिकारी क्लाइमेट सोरेन,द्वारिका महतो व मिर्जाचौकी थाना के मिलन मिंज सहित कई पुलिस बल मौजूद थे।

ट्रांसफार्मर की चोरी , बिजली गुल व लोग परेशान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर(पाकुड़)थाना क्षेत्र के खरियोपाड़ा गांव में लगे 25 केवी के बिजली ट्रांसफार्मर की अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है ।घटना को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को एक जुट होकर चोरी की गई ट्रांसफार्मर के समक्ष पहुंच कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण रहमान अंसारी,रफाएल हेम्ब्रोम, मीकाईल हेम्ब्रोम, दिनेश मरांडी ,ममजान अनारी ,महबूब अंसारी ,सरफराज अंसारी ने कहा कि गांव में लगे दो ट्रांसफार्मर को बीते देर रात को किसी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली गई है जिससे बिजली गुल हो गई और पूरा गांव अंधकार में डूब गया है । ग्रामीणों ने कहा कि बिजली गुम होने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई में बाधित भी गई है । इतना ही नही गांव में स्कूल भी है और इसी ट्रांसफार्मर से बिजली कनेक्ट था परंतु चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर की चोरी कर लेने से स्कूल में भी बिजली कट हो गई है ।ग्रामीणों ने कहा की एक ओर जहां प्रशासन विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर हर बूथों पर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर तातपर्य है तो वहीं विधानसभा चुनाव की पोलिंग बूथ खरियोपाड़ा में प्रशासन की तैयारी पर चोरों ने पानी फेर दिया । बताया जाता है कि इसी स्कूल में एक बूथ है और ऐसे में ट्रांसफार्मर की चोरी हो जाना कहीं न कहीं पोलिंग बूथ पर टारगेट करने जैसे बात प्रतीत होती है ।ग्रामीणों ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव की मद्देनजर पोलिंग बूथ को भी बाधित हो सकता है इस लिये जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है ताकि पोलिंग बूथ पर किसी तरह का कोई समस्सया उतपन्न न हो ।

सरकारी मदरसे के मुख्य द्वार पर वर्षों से जमा है नाले का गंदा पानी

साहिबगंज बोरियो। प्रखंड क्षेत्र के बोरियो के सरकारी मदरसा नूरुल होदा के मुख्य द्वार पर नाले का गंदा पानी वर्षों से जमा है। जिससे मदरसा में पढ़ने के लिए जाने वाले बच्चों को एवं आसपास के लोगों को संक्रामक बीमारी उल्टी-दस्त, बुखार जैसी बीमारियों का खतरा सताने लगा है मदरसे के आस पास के ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को नाले का गंदा पानी को मुख्य द्वार पर सफाई कराने के लिए कई बार शिकायत की गई लेकिन इसके बावजूद गंदे पानी की गंदगी को साफ करने के लिए जनप्रतिनिधि एवं मदरसा के हेड मौलवी के द्वारा विकास फंड से मिलने वाली राशि से सफाई करने के लिए तैयार नहीं हैं। गंदे पानी से फिसलकर कई बच्चे जख्मी हुए है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। अफसोस तो इस बात का है कि सरकारी मदरसे के सभी स्टाफ उसी गंदे पानी से होकर गुजरते है लेकिन इसकी सफाई के लिए कोई आगे नहीं आते है। इसकी शिकायत कई बार की गई है फिर भी कोई अधिकारी के द्वारा सफाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि मदरसे के मुख्य द्वार पर ही आसपास के कचड़ा को फेंका जाता है जिससे उस जगह पर रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने गंदे पानी की सफाई करने की मांग की है ताकि मदरसे के छोटे बच्चों एवं आसपास के लोगों को बीमारी से बचाया जा सके।

बांझी स्वास्थ्य उप केंद्र में सोलर सिस्टम खराब, मोबाइल का टॉर्च जलाकर किया जा रहा है इलाज

साहिबगंज बोरियो। बांझी स्वास्थ्य उप केंद्र में पिछले एक महीने से सोलर सिस्टम खराब होने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है पंचायत समिति सदस्य अमन कुमार का कहना है कि इनवर्टर खराब होने पर मरीजों को मोबाइल का टॉर्च जलाकर इलाज किया जाता है जिससे पेशेंट की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग को त्वरित संज्ञान में लेकर बिजली व्यवस्था को ठीक कराने की मांग की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सलखु चंद्र हंसदा ने बताया कि मेरे संज्ञान में है बांझी स्वास्थ्य उप केंद्र के लिए सोलर सिस्टम खराब है। लोकल मिस्त्री के द्वारा ठीक नहीं कर पाएंगे इंजीनियर से बात की गई है अभी राजमहल में ठीक किया जा रहा है उसके बाद बांझी उप स्वास्थ्य केंद्र में सोलर सिस्टम ठीक किया जाएगा। तब तक के लिए जेनरेटर के लिए तेल उपलब्ध करा दी गई है।

28 अक्तूबर को प्रो स्टीफन दाखिल करेंगे पर्चा, कल्पना सोरेन होंगी शामिल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)झामुमो प्रखंड कार्यालय महेशपुर मे प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां की अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालक प्रखंड उपाध्यक्ष रुहुल अमीन ने किया। बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन पर्चा दाखिल करना साथ ही गण्डेय विधायक सह झामुमो की स्टार प्रचारक कलपना मुर्मू सोरेन का आगमन प्रखंड के सिलमपुर बुनेर डांगा मैदान मे जनसभा को लेकर चर्चा की गयी । इस बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे महेशपुर विधायक सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांडी एवं झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव शामिल हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने कहा की इस बैठक मे सिलमपुर मैदान मे गण्डेय विधायक सह झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू का आगमन होने जा रहा है। जिसमे आप सभी कार्यकर्ताओ को भारी से भारी संख्या मे कार्यकर्ता एवं समर्थकों को पहुंचना है। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाना है साथ ही सभी को निर्देश दिया गया है की सभी पंचायत के बूथ मे महिला का बूथ कमिटी बनाना है। एक बूथ मे महिला एवं पुरुष मिलाकर 30 कार्यकर्ता का होना अनिवार्य है। हर हाल मे दो दिनों के अंदर प्रखंड कार्यालय मे जमा करना है।इस अवसर पर महेशपुर विधायक सह इंडिया गठबंधन प्रत्यासी श्री मरांडी ने कहा की 28 अक्टूबर 2024 को नामांकन पर्चा दाखिला करना है साथ ही स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू सोरेन का भी सनसभा है जो की महेशपुर से शुरू हो रहा है। इस मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य पिंकू शेख,जीप सदस्य समसून मुर्मू,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसीफीना हेमब्रम,प्रखंड सचिव माइकल मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अलफ्रेंड हेमब्रम, प्रखंड उपाध्यक्ष बुदल यादव, जेम्स सुशील हेमब्रम,युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र मुर्मू, सोशल मिडिया सदस्य इक़बाल हुसैन सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष एवं सचिव सहित सैकड़ो सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

तीन वारंटी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

कोटालपोखर । थाना क्षेत्र में विभिन्न मामलों में तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में शामिल हैंअमजद अंसारी, पुत्र स्व. सोहराब अंसारी, जाकिर अंसारी, पुत्र सलाम अंसारी ,सलाम अंसारी, पुत्र स्व. लुटू अंसारी।यह सभी वारंटी विजयपुर न्यू बस्ती के निवासी हैं। पुलिस ने उचित कार्रवाई करते हुए इन वारंटियों को गिरफ्तार किया। जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था कायम रखना सुनिश्चित हो सके। पुलिस प्रशासन ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्रवाई स्थानीय समुदाय में आतंक और असुरक्षा की भावना को समाप्त करने के लिए की गई है। जांच और कानूनी कार्यवाही जारी है।स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द न्याय मिलेगा।

सीएस ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

साहिबगंज। सिविल सर्जन डॉश्र प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरक्षण किया गया! निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा आईपीडी पेशेंट वार्ड, आयुष्मान केंद्र,उपस्थिति पंजी, प्रसव कक्ष, चिकित्सक एएनएम ड्यूटी रोस्टर एवं अस्पताल में साफ-सफाई आदि को देखे।

लोबिन के आम सभा में आनंद ओझा शामिल हुए

साहिबगंज। बोरियों विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम के नामंकन सभा मे राजमहल विधायक अनन्त कुमार ओझा शामिल हुए। उन्होंने ने नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 23 नवंबर को झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय हैं हेमन्त सोरेन सरकार की कुशासन का अंत होगा। विधायक ने कहा कि बोरियो विधानसभा में कमल खिलना तय हैं। जेएमएम+कांग्रेस+राजद गठबंधन की सरकार ने न युवाओं को नौकरियाँ दीं, न ही बेरोजगारों को भत्ता दिया। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ वादाखिलाफी का रिकॉर्ड और झारखंड को भ्रष्टाचार व घुसपैठियों का ठिकाना बनाया। आज के नामांकन सभा मे उमड़ा यह जनसैलाब बता रहा है कि झारखण्ड में जेएमएम+कांग्रेस+राजद गठबंधन की सरकार जाने वाली हैं और बोरियो में फिर कमल खिलने वाला हैं।

बॉर्डर सीलिंग एवं विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित बैठक आयोजित

साहिबगंजआगामी विधानसभा आम चुनाव- 2024 के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग एवं विधि-व्यवस्था संधारण इत्यादि के बिन्दु पर विचार-विमर्श प्रमंडलीय आयुक्त, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका लालचन्द डाडेल (आई0ए0एस0) की अध्यक्षता में पाकुड़ परिसदन में अन्तर्राज्यीय बैठक आहूत कि गई। उपायुक्त, साहेबगंज हेमंत सती अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में अन्तर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग एवं विधि-व्यवस्था संधारण इत्यादि के बिन्दु पर विचार-विमर्श किया एवं प्रमंडलीय आयुक्त, संथाल परगना प्रमंडल दुमका, लालचन्द डाडेल द्वारा अन्तर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार होगी मेरी प्राथमिकता : सुनील यादव

साहिबगंज। राजमहल विधानसभा से निर्दल प्रत्याशी सुनील यादव ने शुक्रवार को शोभनपुर भट्ठा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनावी उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजनीति पृष्ठभूमि से हैं। 2015 में उन्होंने चुनाव लड़ा था। उस समय उन्हें लगभग 5500 वोट मिले थे। उस समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य है कि राजमहल क्षेत्र की जनता को मैसेज देना चाहते हैं कि जिला परिषद उपाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अपने क्षेत्र में जिस तरह से काम किया है उसी तरह विधानसभा जीतने के बाद हम काम करना चाहते हैं। उनका प्रयास है कि पिछड़े व निचले वर्ग के लोगों की आवाज बनें। पिछड़ों की आवाज दबाई जा रही है, जिसे उपयुक्त पटल तक पहुंचने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार नहीं होने से यहां से लोग दिल्ली, मुंबई व अन्य जगहों पर मजदूरी कर रहे हैं। जहां उसकी काम करने मैं जान भी चली जाती है। यहां उद्योग नहीं होने से गरीब मर रहे हैं। यहां रोजगार मिल जाने से ऐसे मजदूर अपने घर पर अपने परिवार के साथ रहकर कमाएंगे। यहां के मजदूर परिवार से दूर रह कर बाहर कमा रहे हैं और वहीं दुर्घटना में मर जाते हैं। उनकी कमाई उनका शव को घर लाने में खर्च हो जाती है। वो नहीं चाहते कि यहां के लोग बाहर कमाने जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यहां डॉक्टर ऑनर्स की कमी के चलते प्रसूत महिला के वृषभ रास्ते में ही हो जाता है बहुत सारे उपव्यवस्था केंद्र बनाना है लेकिन डॉक्टर नहीं होने से लोग झोलाछाप से इलाज करने के को मजबूर है अगर मैं जीत गया तो यहां मैं इंजीनियरिंग कॉलेज मेडिकल कॉलेज जरूर खुलवाऊंगा ताकि यहां के बच्चे यही पढ़ाई कर सके यही मेरी प्राथमिकता है कि लोगों को पूरी सहायता करें।

झामुमो और अन्य पार्टियों के सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

फतेहपुर । भाजपा का योगदान समारोह कार्यक्रम शुक्रवार को फतेहपुर साल बागान मैदान में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो और जिला अध्यक्ष सुमित शरण मौजूद रहे। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ युवा नेता गौतम महतो और राजेश प्रसाद मंडल के अलावे जिला परिषद प्रतिनिधि अजय मंडल और गेड़िया पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि अदालत राय के नेतृत्व में दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर बारी-बारी से मंचासीन नेताओं ने भाजपा का पट्टा पहना कर सबको अपनाया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी, अमित भैया,मनोज मंडल, कृष्ण चंद्र महतो, गोपाल महतो, नंदकिशोर झा,हराधन मंडल,हराधन दां,तपन मोची, संतोष मंडल सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।कार्यक्रम में एक मत होकर नाला विधानसभा से भाजपा को जीत दिलाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने कहा कि नाला विधानसभा को विकास के बजाय विनाश के गर्भ में धकेल दिया गया है । यहां बड़े-बड़े भवन तो बना दिए गए लेकिन सिर्फ और सिर्फ ठेकेदारी के मकसद से। जितने भी काम हुए हैं सिर्फ और सिर्फ स्वार्थ वश हुए हैं। जनता के विकास से किसी को कोई मतलब नहीं। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा की सरकार जनता के आशीर्वाद से आती है तो लोगों को कई सारी सौगात दिलाई जाएगी ।उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद रिक्त पदों पर नियुक्तियां भी निकाल कर बहाली की जाएगी ।वहीं उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा दिए गए वचनों को भी निभाने का आश्वासन दिया।

लिट्टीपाड़ा-पाकुड़ से दो- दो एवं महेशपुर से चार उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

पाकुड़। दूसरे और अंतिम चरण में मतदान को लेकर शुक्रवार चतुर्थ दिन को जिले के तीनों विधानसभा में कुल 08 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया।04- लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के मार्क बास्की, जयनारायण मालतो कुल दो लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा वहीं 05 पाकुड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निशाद आलम, मनोज रजवार, ने नामांकन पत्र खरीदा है। वही 06 महेशपुर (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से मदन मूर्मू , दाऊद मरांडी गंगाराम किस्कु व जूली खिष्टमणि हेम्ब्रम कुल चार उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र खरीदा है। साथ ही महेशपुर क्षेत्र से दो लोगों ने किया नामांकन महेशपुर(अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र से 2 निर्दलीय प्रत्याशी स्टेफ़न मरांडी निर्दलीय व गैब्रियल हेम्ब्रम, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है।अगर तीनों विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो तीनों विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को चौथे दिन दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।

अमेरिकी डॉलर के एकाधिकार को ब्रिक्स देशों क़ी चुनौती से हड़बड़ाया अमेरिका

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रिक्स सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण घोषणा क़ी है। ब्रिक्स सम्मेलन में अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देने के संकेत दिए हैं। यह कदम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। कई दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर का वर्चस्व बना हुआ है। रूस की आर्थिक नीतियों तथा दुनिया के कई अन्य देश जो ब्रिक्स में शामिल हैं, पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका की दादागिरी और अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते वैकल्पिक मुद्रा पर विचार करना शुरू कर दिया है। वैश्विक आर्थिक सत्ता एवं मुद्रा के लेन-देन में संतुलन बनाने के लिए बदलाव के प्रयास तेज हो गए हैं। रूस पहले से ही पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। ईरान और अन्य देश भी इससे प्रभावित हैं। अब रूस अन्य छोटे-बड़े देशों के साथ मिलकर एक नया आर्थिक तंत्र विकसित करने की तैयारी कर रहा है। यह कदम चीन, भारत और ब्रिक्स देशों के साथ निकट आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव होगा। पुतिन ने स्पष्ट किया है, उनकी योजना डॉलर के प्रभाव को कम करने, रूबल तथा अन्य देश की स्थानीय मुद्राओं के लेनदेन को बढ़ावा देने पर आधारित है। दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमेरिका प्रथम स्थान पर है, जबकि चीन, जर्मनी, जापान और भारत सबसे बड़ी 5 अर्थव्यवस्था हैं। डॉलर मुद्रा को चुनौती देने का सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण यह है, अमेरिकी डॉलर का वर्चस्व लेनदेन तक सीमित नहीं रहा। डॉलर मुद्रा का उपयोग राजनीतिक तथा अलगाव और युद्ध होने की दशा में हथियारों से भी ज्यादा खतरनाक हो गया है। वैश्विक मंच पर अमेरिका अपनी आर्थिक ताकत का उपयोग कर अन्य देशों पर प्रतिबंध लगाने और दबाव डालने में समर्थ होता है। रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों ने रूस सहित कई अन्य देशों को डॉलर के विकल्प को बनाने की दिशा में अग्रसर कर दिया है। ब्रिक्स सम्मेलन के इस निर्णय का उद्देश्य अमेरिका की दादागिरी से अन्य देशों को बचाना है। ब्रिक्स देशों को अमेरिका की डॉलर मुद्रा से स्वतंत्र कराकर आत्मनिर्भर बनाना है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को बाहरी हस्तक्षेप से मुक्त करना है। आयात और निर्यात के कारोबार में डॉलर की निर्भरता कम से कम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। वैश्विक व्यापार में दुनिया के अन्य देश खुलकर अमेरिका एवं यूरोपीय देशों का मुकाबला कर पाएं, इससे ब्रिक्स सम्मेलन में आए सभी देश सहमत थे। ब्रिक्स सम्मेलन के इस निर्णय के दीर्घकालिक परिणामों को लेकर चिंता भी व्यक्त की जा रही है। रूस और ब्रिक्स में शामिल अन्य देश वास्तव में एक स्थायी वैकल्पिक अर्थतंत्र और डॉलर के विकल्प के रूप में नई मुद्रा विकसित कर पाएंगे, या यह अस्थायी कोशिश बनकर रह जाएगी।

चुनावी सेल, नामांकन मेला के साथ मचा भगदड़

-श्याम किशोर चौबे

झारखंड की छठी विधानसभा के गठन के लिए हो रहे चुनाव में प्रथम चरण के नामांकन के अंतिम दिन के एक दिन पहले 24 अक्टूबर को रिकार्ड सवा तीन सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किये जाने की घटना अभूतपूर्व है. यह घटना बताती है कि न केवल नौकरियों के लिए अपार आवेदन पड़ते हैं, अपितु नेतागिरी के क्षेत्र में भी जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा है. नेतागिरी का अद्भुत क्रेज है. हो भी क्यों नहीं! एक बार विधायक बन गये तो न केवल पद, पैसा और प्रतिष्ठा अर्जित होती है, जीवन ही तर जाता है. कहीं मंत्री, मुख्यमंत्री बन गये तो कहना ही क्या? जिन महानुभावों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं, उनमें से प्रमुख नेताओं की प्रोफाइल देखिये, विश्वास ही नहीं होगा कि ये देश के गरीबतम और पिछड़े राज्य के जनप्रतिनिधि हैं. इनकी प्रोफाइल तो यही कहती है कि यहां अमीरी बरस रही है.

पता नहीं कैसे हजार रुपये की सरकारी योजनाओं के लिए लोग लम्बी लाइन लगाये रहते हैं. राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होना है. इसके लिए इंडिया ब्लॉक और एनडीए फोल्डर ने अपने 70 विधायकों के टिकट कन्फर्म किये हैं, जबकि दोनों पक्षों के दो-दो विधायक लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके हैं. कहने की बात नहीं कि चुनाव की घोषणा के पहले सत्ताधारी इंडिया ब्लॉक ने कई अन्य राज्यों के चलन के अनुसार महिलाओं को अपने पक्ष में करने के लिए हजार रुपये प्रतिमाह देने का एलान किया तो भाजपा ने अपनी सरकार बनने पर इक्कीस सौ रुपये प्रतिमाह देने की बात कही. सरकार ने पच्चीस सौ रुपये देने का कैबिनेट निर्णय ले लिया. अभी घोषणापत्रों का आना बाकी ही है. उसमें घोषणाओं की ऐसी 'सेल' लगेगी, जिसे हासिल करने के लिए दिल भागमभाग करना चाहेगा. फिलहाल, नेताओं की भागमभाग मची रही और बहुत संभव है कि चुनाव के दूसरे चरण का नामांकन पूरा होने तक नेताओं की कुछ और भागमभाग हो. इतिहास में झांकते हुए पांच साल पहले के झारखंड विधानसभा चुनाव के ऐन पहले का सीन याद करें. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे सुखदेव भगत, हेमंत सोरेन के खासमखास विधायक कुणाल षाडंगी, मंत्री रहे जेपी पटेल, भानु प्रताप शाही, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, राजद के प्रमुख नेता गिरिनाथ सिंह, फारवर्ड ब्लॉक की अपर्णा सेनगुप्ता, जेवीएम के प्रकाश राम आदि-आदि जाने-पहचाने अनेक चेहरे अपना-अपना दल छोड़कर भाजपा की ओर भाग चले थे. इस बार लोकसभा चुनाव के पहले या ठीक बाद कांग्रेस की गीता कोड़ा, मुख्यमंत्री रहे उनके पति मधु कोड़ा, झामुमो की सीता सोरेन, मुख्यमंत्री रहे झामुमो के चम्पाई सोरेन, लोबिन हेम्ब्रम जैसे राजनेता पाला बदलकर भाजपा में शरीक हुए. यह बात एक तरह से आई-गई हो गई. विधानसभा चुनाव की बारी आई तो सबसे पहले भाजपा ने अपने 66 प्रत्याशियों की सूची 19 अक्टूबर को जारी की. उसके कुछ ही घंटों पहले कांग्रेस की मंजू देवी भाजपा में आ मिलीं. टिकट भी मिल गया. ऐसे ही सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के भाई रौशनलाल चौधरी आजसू छोड़ भाजपा में आ गये तो उनको तत्काल प्रत्याशी बनाया गया. सन्नी टोप्पो, अमित यादव भी उन सात महानुभावों में शामिल हैं, जो पाला बदलकर टिकट हथियाने में सफल रहे. भाजपा ने तीन सीटिंग विधायकों को दरकिनार किया. बाकी अपने सभी एमएलए की लालसा इस बार पूरी की. अपने लोगों का ख्याल रखनेवाली इस पार्टी ने 66 में से 35 नये चेहरों को महत्व देकर सबको चैंका दिया. परिणाम हुआ कि विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक मेनका सरदार, मंत्री रहीं लुईस मरांडी, सत्यानंद झा बाटुल, कुणाल षाडंगी, लक्ष्मण टुडू, गणेश महाली, उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह, राज पलिवार, बास्को बेसरा, बारी मुर्मू, संदीप वर्मा जैसे दर्जन भर से अधिक नाम रातोंरात या तो बागी हो गये या झामुमो के दरवाजे पर जा खड़े हुए. जिस कोल्हान क्षेत्र की सभी 14 सीटों पर पिछली बार भाजपा नेस्तनाबूद हो गई थी,

इस बार सीट शेयरिंग के बाद उसने वहां की दस सीटों पर अपने प्रत्याशी दिये. इनमें छह चेहरे ऐसे हैं, जो परिवारवाद की मिसाल पेश कर रहे हैं. चंपाई सोरेन तो शायद इसी शर्त पर भाजपा में शामिल हुए थे कि उनके समेत बेटा बाबूलाल सोरेन और खासमखास सोनाराम बोदरा को भी प्रत्याशी बनाया जाएगा. बाकी तीन महिला प्रत्याशियों के पति या श्वसुर मुख्यमंत्री रह चुके हैं. कोल्हान के अलावा बाघमारा हो कि सिमरिया, जामताड़ा हो कि बड़कागांव टिकट वितरण में परिवारवाद की निशानियां मिल ही जाएंगी.

सबसे पहले प्रत्याशियों की घोषणा कर और उसके काफी पहले से सितारा नेताओं की झारखंड में रैलियां, सभाएं कराकर भाजपा गुमान में थी लेकिन प्रत्याशियों का ऐलान होते ही जिस प्रकार भगदड़ मची और भगोड़े चूहादौड़ कर इधर-उधर समाने की जुगत में लग गये, ऐसा पहली बार देखा गया. इनमें से हालांकि मेनका सरदार को मना लिया गया और उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया. मुंह फुलाये बैठे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय को भी मना लिया गया. लेकिन उस संदीप वर्मा ने रांची सीट से निर्दलीय लड़ने की घोषणा कर दी, जो पत्रकारिता छोड़ राजनीति में आये थे और जिनके बहनोई दीपक प्रकाश फिलहाल राज्यसभा सदस्य हैं. दीपक प्रकाश इसके पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हुआ करते थे. इन बातों का उल्लेख इसलिए आवश्यक है कि 10-11 वर्षों में भाजपा में जो बदलाव आया है, ये कार्य-व्यवहार उसके ठीक विपरीत हैं.

नये दौर की भाजपा में कोई अपनी पीड़ा भी व्यक्त करने का साहस नहीं करता. बाड़ेबंदी से लोग शायद ऊब चुके हैं और अपने करियर की परवाह करने लगे हैं. मौका ताड़कर दल-बदल झारखंड की सियासी पहचान बन चुका है, हालांकि भाजपा में ऐसी नौबत या तो नहीं आती थी या इक्का-दुक्का घटनाएं होती थीं.इंडिया ब्लॉक की कहानी ही अजीब है. एक ओर जहां भाजपा चुनावी तैयारियों में दिन-रात लगी रहती है, दूसरी ओर इंडिया-ब्लॉक अपनी लेट-लतीफी के लिए जाना जाता है. वह एकता में अनेकता की मिसाल कायम करते हुए चुनावी गठबंधन के बावजूद दोस्ती-कुश्ती भी कर ही लेता है. इस बार भी कुछेक सीटों पर यह नौबत नहीं आएगी, ऐसा नहीं कहा जा सकता. इसके बागियों की फौज तेग-तलवार नहीं संभाल रही, यह कहना भी सही नहीं होगा. अलबत्ता, इस बार की लेट-लतीफी उसके लिए इस लिहाज से अपेक्षाकृत फायदेमंद रही कि भाजपा के भगोड़े कुछ बड़े नाम उसके पाले में जुट गए. परिणाम चाहे जो हो. इस ब्लॉक की कांग्रेस ने पहले की अपेक्षा फूंक-फूंक कर कदम उठाया और अपनी कुछ सीटें गठबंधन के नाम कुर्बान भी की लेकिन फायदा कितना मिलेगा, यह 23 नवंबर को चुनाव परिणाम ही बताएगा.

अभी तो सभी जीत रहे हैं, यहां तक कि भाकपा, माकपा, बसपा, राकंपा के दोनों गुट, नये-नये उगे कतिपय राजनीतिक दल और बड़ी संख्या में खड़े हुए या खड़े कराये गये निर्दलीय भी. जो चुनाव में खड़े हैं, उनकी बात ही क्या, चैक-चैराहे पर जाएं अथवा आवासीय कॉलोनियों में सुबह-शाम की सैर में तो वहां जमे दस-बीस लोगों की बतकही ऐसी प्रतीत होगी, मानो वे ही चुनाव लड़ रहे हों. अलबत्ता, आम वोटर से पूछें तो वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं देगा.

आज की तारीख में सबके जेहन में एक सवाल कौंध रहा है. इस बार किसकी सरकार बनेगी? भगदड़ भाजपा में भी रही और जमावड़ा झामुमो में अधिक रहा तो क्या झामुमो (इंडिया ब्लॉक का लीडर) 2019 में जमावड़े वाली भाजपा की गति प्राप्त करेगा या सदन के लीडर की भूमिका में दिखेगा? सही जवाब कौन देगा? शायद कोई नहीं.

पाकुड़ की खबरें

झामुमो नेतृत्व ने टिकट काटकर की नाइंसाफी : दिनेश मराण्डी

हिरणपुर (पाकुड)। झामूमो नेतृत्व ने मुझे पार्टी की टिकट न देकर नाइंसाफी की है। जबकि मैं हमेशा से मुख्यमन्त्री हेमन्त सोरेन सहित पार्टी के लिए वफादार सिपाही रहा हूँ। शुक्रवार को हिरणपुर स्थित आवास में पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक दिनेश मराण्डी ने कहा। विधायक ने कहा कि वर्ष 1980 में पिताजी स्वर्गीय साइमन मराण्डी की सक्रिय भागीदारी से झामूमो का गठन हुआ था। उस वक्त पिताजी एक मात्र निर्दलीय विधायक थे। रामगढ़ नेमरा गांव से गुरुजी को संथाल क्षेत्र में लाकर पहचान दिलाई थी। दोनो के अलावे अन्य लोगो ने मिलकर पार्टी को मजबूत करने में कठिन संघर्ष किया, पर आज पार्टी नेतृत्व के आसपास बाहरी तत्वों का जमावड़ा हो गया है। जो मनमानी ढंग से कार्य कर रहा है। ऐसे लोग , जिसे पार्टी से कोई नाता नही रहा है। मुझे पार्टी की टिकट से वंचित किया गया । वही क्षेत्र के बाहर के व्यक्ति को टिकट दी गई ।जबकि इसका कारण तक नही मुझे नही बताया गया।

एनडीए गठबंधन के नेताओं ने भरी हुंकार, अजहर इस्लाम को जिताने का लिया संकल्प

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। पाकुड़ में एनडीए की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित कर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम को सभी घटक दलों के नेताओं ने निर्भीक होकर चुनाव लड़ने को कहा।घटक दल के नेताओं ने कहा कि पाकुड़ में आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम के साथ सभी समर्थित दल उनके समर्थन में हुंकार भर रही है। सभी ने एक स्वर में कहा कि आगामी 20 नवंबर को पाकुड़ विधानसभा की जनता एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत देंगे। साथ ही साथ यह भी कहा कि आगामी 23 नवंबर को पाकुड़ विधानसभा के विधायक के रूप में अजहर इस्लाम ही चुने जाएंगे।भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे ने बताया कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी 434 बूथों में भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर अजहर इस्लाम के लिए पूरी जीं जान लगाकर काम करेंगे और सभी बूथ के हर घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएंगे।बैठक में पाकुड़ विधानसभा में गठबंधन धर्म के साथ मजबूती से चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा हुई। सभी ने एक स्वर में आजसू प्रत्याशी जीत के लिए मजबूती से काम करने का संकल्प लिया। आजसू नेता अजहर इस्लाम ने कहा कि आजसू और भाजपा एक साथ ना सिर्फ मजबूती से चुनाव लड़ेगी बल्कि इलाके के विकास में एक नई परिभाषा गढ़ेगी।साथ ही साथ बताया कि पूर्व मंत्री के कार्यकाल में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में एक भी विकास का कार्य नहीं हो पाई है। यहां के बच्चों को स्कूलों में शिक्षा नहीं मिल रही है, खेत तो दूर की बात पीने के लिए पानी की भी समस्या गंभीर है। अंत में कांग्रेस ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी को टिकट दिया। मौके पर आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम, भाजपा नेता हिसाबी राय, अनिकेत गोस्वामी, गौतम मंडल समेत अन्य मौजूद रहे।

विद्यालय के रसोइयां को दी गई प्रशिक्षण

हिरणपुर। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के तत्वाधान में सुशीला फाउंडेशन फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट नामक संस्था के बैनर तले बीआरसी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई।कार्यशाला में बीआरसी से संजय जयसवाल एवं प्रवीण कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में संस्था के मास्टर ट्रेनर सीमा विश्वास एवं उर्मिला विश्वास ने सभी संकुल व विद्यालय के रसोइयां को मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए साफ सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी बताया गया कि भोजन बनाते एवं बच्चों को खाना खिलाने के समय माथा का जुड़ा अवश्य रूप से बांधकर रखना है। वहीं एप्रोन नियमित रूप से पहनना है।खाना बनाने के पश्चात खाना को साफ कपड़ा में ढक कर रखा करे। रसोइया भी अपनी सेफ्टी रखा करे इस प्रशिक्षण में बन्दना दत्त, रेखा देवी, जोभा झा आदि रसोइयां मौजूद थी।

आलमगीर की गैर मौजूदगी में उनकी पत्नी पर पार्टी ने जताया भरोसा, बनी पाकुड़ प्रत्याशी

पाकुड़। पाकुड़ विधानसभा में कांग्रेस की मजबूती और पकड़ को बरकरार बनाए रखने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता व पूर्व मंत्री रहे आलमगीर आलम की पत्नी निसात आलम कांग्रेस ने देर शाम पार्टी का प्रत्याशी डिक्लेयर कर दिया है। माना जा रहा है कि निशात आलम पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की कमी को कार्यकर्ताओं के बीच पूरा करने और एक बड़ी मार्जिन वोट से जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्हें चुनाव मैदान में पार्टी ने उतारा है।माना जा रहा है कि आलमगीर आलम के न्यायिक हिरासत में रहने के कारण कांग्रेस के शीर्ष नेता आलमगीर के पत्नी को टिकट देकर इस सीट को कांग्रेस की परंपरागत सीट बनाए रखने के लिए उन्हें चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया है।हालांकि आलमगीर आलम के पुत्र तनवीर आलम लगातार पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में जनता और कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर अपने पिता विधायक, विधानसभा अध्यक्ष और ग्रामीण विकास मंत्री के कार्यकाल में उनके अथक प्रयास से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में किए गए कार्य और उपलब्धियां को गिनाने का काम लगातार कर रहे हैं।लेकिन कल तक आलमगीर आलम की पत्नी निसात आलम को पार्टी ने प्रेजेंट सिचुएशन को देखते हुए उन्हें घर की चौखट और पर्दे से निकलकर कर पहली बार अब पाकुड़ विधानसभा की जनता के बीच आना होगा। हालांकि पाकुड़ विधानसभा सीट महागठबंधन में कांग्रेस के खाते में पहले भी रही है और इस बार भी आई है।

सीमा सुरक्षा, मिरर , चेकपोस्ट, नगद, शराब, ड्रग्स अवैध परिवहन पर चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर अंतर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग एवं विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु आयुक्त, संथाल परगना, दुमका के लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि अंतर्राज्यीय व अंतर जिला की बैठक विधानसभा आम चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने व शांतिपूर्ण मतदान को लेकर आयोजित की गयी है। संताल के सभी जिलों के डीसी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधियों ने आवश्यक कार्रवाई हेतु सहमति देते हुए अपनी-अपनी बात रखी। बैठक के दौरान सीमा पर जांच बिंदुओं तथा सीलिंग प्वाइंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराए गए। मौके पर सीमावर्ती राज्यों के नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी। साथ ही

नक्सल विरोधी अभियान, कानून व्यवस्था एवं अपराधिक गतिविधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।***बिहार एवं बंगाल के पुलिस अधीक्षक हुए शामिल***

बैठक के दौरान डीआईजी दुमका, उपायुक्त साहेबगंज, वीरभूम पुलिस अधीक्षक, आसनसोल पुलिस अधीक्षक, मालदा पुलिस अधीक्षक, मुर्शीदाबाद पुलिस अधीक्षक, कटिहार पुलिस अधीक्षक, भागलपुर पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी की व्यवस्था

बैठक में सीमावर्ती वाले इलाकों में पड़ने वाले बूथों पर विशेष चौकसी बरतने सहित कई बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। दूसरे राज्य में भागे हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने को लेकर अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावे चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वाले,चेकपोस्टों पर सीसीटीवी कैमरें का अधिष्ठापन व एकसाइज चेकपोस्ट बनाये जाने के अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के साथ नकस्लियों गतिविधियों पर पैनी नजर रखने पर विस्तृत चर्चा की गयी। *जाली नोट और तस्करी पर होगी सख्त कार्रवाई*संथाल परगना आयुक्त लालचन्द डाडे ने कहा कि सोशल मीडिया निगरानी के अलावा संचार की व्यवस्था के साथ साथ बिहार राज्य में शराब बंदी , नषीली पदार्थ व जाली नोट जैसे तस्करी पर सख्ती से निपटने की बात कही। इसके अलावा मतदान के 48 घंटा पूर्व से हीं चुनाव क्षेत्र में बाहरी मतदाता एवं बाहरी नेता को क्षेत्र से बाहर रखने के साथ-साथ बॉडर सिलिंग पर चर्चा की गयी। ताकि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को सम्पन्न कराया जा सके।*उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ 6, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर 5 को किया सम्मानित*

अंततः आयुक्त महोदय ने एक डिस्ट्रिक आईकान, पांच कैम्पस एबेसडर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी उपस्थित लोगों को मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। बैठक में उपायुक्त जामताड़ा, उपायुक्त पाकुड़, पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा, पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़, परियोजना निदेशक, आईटीडीए दुमका, उप विकास आयुक्त, पाकुड़, परियोजना निदेशक, आईटीडीए पाकुड़ संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पाकुड़। विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पाकुड़ जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संथाल परगना आयुक्त लालचन्द डाडेल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी पाकुड़, जिला निर्वाचन पदाधिकारी जामताड़ा, पुलिस अधीक्षक पाकुड़, पुलिस अधीक्षक दुमका, पुलिस अधीक्षक साहेबगंज एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए दुमका द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संथाल परगना आयुक्त लालचन्द डाडेल ने बताया कि डिजिटल वैन के माध्यम से तीनों विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

बाबुधन मुर्मू ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बनाई चुनावी रणनीति

संताल एक्सप्रेस

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)लिट्टीपाड़ा विधान सभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार बाबुधन मुर्मू शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव जीतने का रणनीति बनाया।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा चुनाव उम्मीदवार नही पार्टी लड़ रही है।क्षेत्र व जनता का विकास के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से लगना होगा।आपसी भेद भाव को भूलकर सभी बड़े छोटे भाई आपस मे मिलकर अपने समाज के पारम्परिक रीति रिवाज को बचाने के लिए पार्टी को जिताना आवश्यक है,तभी हम राज्य को भ्र्ष्टाचारियो से बचा पाएंगे। उन्होंने कहा इस विधान सभा क्षेत्र के लोगो का विगत 40 वर्षों से आर्थिक, मानसिक व सामाजिक शोषण होते आ रहा है. झामुमो के लोगो ने संथाल परगना के लोगो का केवल शोषण किया है।यहां के मूलवासी को कभी आगे बढ़ने नही दिया। केवल अबुआ का नारा बुलंद कर यहां के आदिवासी समाज को ठगने का काम किया है।मौके पर विधानसभा प्रवासी कार्यकर्ता खुदीराम टुडू,मंडल अध्यक्ष राजदीप कर्मकार,एसटी मोर्चा जिला महामंत्री शिवप्रसाद पहाड़ियां, पूर्व मंडल अध्यक्ष अंजन मंडल, जिला कार्यसमिति सदस्य राम मंडल , भूजल मंडल रामशेल टुडू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में मतदाता जागरूकता को लेकर दी गई निर्देश

हिरणपुर (पाकुड)। शुक्रवार अपरान्ह घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मतदाता जागरूकता को लेकर बीडीओ टुडु दिलीप ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने उपस्थित सभी पर्यवेक्षक व बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्र में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित की जाएगी। सम्बन्धित बीएलओ अपने स्तर से मतदाता को जागरूक करें। बैठक में मतदान की विधि व प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। वही सभी बूथ में पेयजल की व्यवस्था , बिजली , रेम्प , भवन की स्थिति आदि को लेकर बीएलओ से जानकारी ली गई। बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी बूथ में समुचित व्यवस्था होना आवश्यक है। इसको लेकर पूर्व से ही तैयारी करना सुनिश्चित करे। बैठक में सांख्यकी पदाधिकारी संजीव कुमार सिन्हा , रवि रंजन , रितेश कुमार आदि उपस्थित थे।

एसडीपीआई से हंजेला शेख़ पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव

पाकुड़। एसडीपीआई आगामी झारखंड आम विधानसभा चुनाव में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी। उक्त जानकारी एसडीपीआई के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य डॉ. मेहबूब शरीफ ने दी। उन्होंने कहा कि एकएसडीपीआई देश के विकास और भारत में फासीवाद को खत्म करने के लिए खड़ा है। डॉ. महबूब शरीफ ने कहा कि हमारे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की जानी चाहिए।

जनता के बीच कई मुद्दे हैं जैसे बीड़ी श्रमिक और अन्य श्रमिक वर्ग का मुद्दा, पाकुड़ में कोई टेक्निकल कॉलेज, व्यावसायिक कोर्स के कॉलेज तथा पीजी लेवल की पढ़ाई के लिए एक भी कॉलेज नहीं है। साथ ही साथ बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था आदि। वर्तमान में जिला परिषद सदस्य मोहम्मद हंजेला शेख पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से एसडीपीआई के उम्मीदवार होंगे।

एसडीपीआई राज्य के लोगों के लिए लड़ने के लिए खड़ी है। एसडीपीआई कैरियर के लिए नहीं, उद्देश्य के लिए राजनीति करती है।

डॉ. मेहबूब शरीफ ने कहा कि एसडीपीआई लोगों के लिए राजनीति कर रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झारखंड प्रभारी अब्दुल सलाम, प्रदेश महासचिव सह जिला परिषद सदस्य एवं प्रत्याशी मोहम्मद हंजेला शेख, जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, ओबैदुर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोसा विधान सभा अध्यक्ष,जिला कमिटी सदस्य सह मीडिया प्रभारी अधिवक्ता. हक साहेब, अहेदुल शेख एवं अन्य उपस्थित थे।

रंगोली - मानचित्र ,गुब्बारे व हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया गया मतदाताओं को प्रेरित

पाकुड़। शुक्रवार को संथाल परगना के आयुक्त लालचंद डाडेल, पाकुड़ जिले में स्वीप कोषांग द्वारा चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तरह- तरह की गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस दौरान 20 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता वोट डालने पहुँचे और लोकतंत्र की मज़बूती में सक्रिय भागीदारी हो, इसके लिये आमलोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पड़ोसी जिलों के अधिकारी जिसमें जामताड़ा के उपायुक्त, साहेबगंज, जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक एवं दुमका के परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण शामिल हुए। इस दौरान जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तैयार मतदाता मोबाईल स्टीकर व वाहन स्टीकर को लांच किया गया। साथ ही समाहरणालय परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोली एवं सेल्फ़ी पॉइंट में पदाधिकारियों ने तस्वीरें खिंचवायी। वहीं हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर तथा गुब्बारे उड़ाकर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने का संदेश दिया।

पाकुड़ डीसी की फेक व्हाट्सएप आईडी बनाकर अधिकारियों से की जा रही है मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।डीसी मनीष कुमार के नाम पर तस्वीर वाली फेक व्हाट्सएप आईडी बनाकर जिलें के अन्य अधिकारियों से राशि की मांग करने का है। अपराधियों द्वारा उपायुक्त की आइडी से जिले के अधिकारियों से उपहार भी मांगे जा रहे है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।साइबर अपराधियों द्वारा जिले के कई अन्य गणमान्य लोगों से भी संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। इन तमाम बातों की पुष्टि आधिकारिक रूप से उपायुक्त कार्यालय से की गयी है। फेक व्हाट्सएप आईडी का नंबर +9779847416160 है और इसी नंबर से साइबर अपराधियों द्वारा अधिकारीयों या अन्य लोगों से संपर्क किया जा रहा हैं।इस संबंध में उपायुक्त ने अपने अधिकारियों, शुभचिंतकों व आमजनों से अपील की है कि अगर इस व्हाट्सएप नंबर या किसी भी अन्य नंबर व अन्य किसी भी अनाधिकृत सोशल मीडिया के माध्यम द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है, तो उनके झांसे में न आए और किसी भी प्रकार की कोई भी वार्तालाप न करें। इससे आपको वित्तीय जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस मामले की विधिवत सूचना पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को उपलब्ध करवाई गई है। पुलिस भी इस मामले की जांच में जुट गई है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत केकेएम कॉलेज में चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।केकेएम कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने मतदाता जागरूकता हेतु संबोधित करते हुए कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र पर ही हमारा आगे का जीवन निर्भर करता है। इस लिए मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें साथ ही अपने माता पिता एवं पड़ोसियों को मतदान करने हेतु अवश्य प्रेरित एवं जागरूक करें ताकि सही नेतृत्व करने वाले का चुनाव हो। उपायुक्त ने

मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि हमें गर्व महसूस करना चाहिए कि हम अपने मत का प्रयोग करते हुए एक सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करते हैं। उन्?होंने मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। यह भारत का सबसे बड़ा उत्सव है। बच्चों को उत्साहित करते हुए मतदान का महत्त्व बतलाया।इस कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, कॉलेज प्राचार्य जे के मिश्रा, एपीआरओ पवन कुमार एवं कॉलेज के छात्रों एवं प्रोफेसरों ने भाग लिया।

मधुपुर से 03, सारठ से 02 व देवघर से 02 नामांकन पत्र खरीदे गये, मधुपुर से 01 व सारठ से तीन अभ्यर्थी ने किया अपना नामांकन

देवघर संताल एक्सप्रेस । विधानसभा चुनाव, 2024 के तहत आज 15-देवघर विधानसभा से 02, 13-मधुपुर विधानसभा से 03 एवं 14-सारठ विधानसभा से 02 नामांकन फॉर्म खरीदा गया। इस प्रकार अबतक मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत कुल 17, सारठ विधानसभा अन्तर्गत कुल 11 एवं देवघर विधानसभा अन्तर्गत कुल 06 नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। इसके अलावे नोमिनेशन की चौथे दिन 13-मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से 01, 15-देवघर विधानसभा क्षेत्र से 00, 14-सारठ विधानसभा क्षेत्र से 03 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। ज्ञात हो कि नामांकन पत्रों को दाखिल करने एवं क्रय करने के लिए समय पूर्वाह्न 11 बजे से 03 बजे अपराह्न तक निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। इसके अलावे सरकारी अवकाश के दिन नामांकन की प्रक्रिया नहीं की जा सकेगी।

मैत्रेय स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । मैत्रेय स्कूल देवघर के प्रशाल में भारत विकास परिषद देवघर शाखा ने शाखा स्तरीय भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता - 2024 का आयोजन किया। इसमें शहर के 11 विद्यालयों ने भाग लिया। गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला, ब्राइट कैरियर स्कूल, जसीडीह पब्लिक स्कूल,आर मित्रा जिला मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूल, एसकेपी विद्या विहार, आर. एल. सराफ हाई स्कूल, मैत्रेय स्कूल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय वार्ड नंबर 6, देवघर सेंट्रल स्कूल,रेड रोज स्कूल और संत माइकल एंग्लो विद्यालय ने प्रतियोगिता में भाग लिया। भारत को जानो प्रतियोगिता भारत विकास परिषद द्वारा 2001 से लगातार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है जिसमें पूरे देश के बच्चे भाग लेते हैं। शाखा, प्रांत, क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर पर चार चरणों में देश भर में यह कार्यक्रम कराया जाता है। इसी कड़ी में आज देवघर शाखा ने शाखा स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। आज की प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में मैत्रेय स्कूल प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला द्वितीय तथा जसीडीह पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में आर मित्रा जिला मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूल प्रथम, संत माइकल एंग्लो विद्यालय ऑफिसर्स कॉलोनी द्वितीय तथा मैत्रेय स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज मास्टर के रूप में आर मित्रा विद्यालय के शिक्षक श्रीकांत जायसवाल ने बहुत ही शानदार अंदाज में लिखित और रैपिड फायर सहित कुल पांच राउंड में दोनों वर्गों में प्रतियोगिता संपन्न कराया।

रेलवे की नौकरी में कुलियों को समायोजित करने व अन्य सुविधाएं देने की केंद्र से मांग

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा एवं झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने रेलवे की नौकरी में कुलियों को समायोजित करने एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने की मांग केंद्र सरकार से की है।इंटक नेताओं ने कहा कि कुलियों को पेंशन दिया जाए,उन्हें दुर्घटना बीमा का लाभ मिले तथा अन्य सुविधाएं भी उन्हें मुहैया कराई जाए, मगर केंद्र सरकार कुलियों को रेलवे में नौकरी देने व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने के बजाय उसके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

डीएवी के तीन विद्यार्थी इंडियन ओलिंपिआड क्वालीफायर इन मैथमेटिक्स की परीक्षा में सफल

देवघर संताल एक्सप्रेस । भण्डारकोला स्थित डीएवी के तीन छात्रों ने एक बार फिर विद्यालय का परचम लहराया है। कुशाग्र जायसवाल,स्वस्तिक राज और विवेक गौरव इंडियन ओलिंपिआड क्वालीफायर इन मैथमेटिक्स की परीक्षा के सर्टिफिकेट को पाने में सफल हुए हैं। तीनों रीजनल मैथमेटिकल ओलिंपिआड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है।इनकी आर एम ओ की परीक्षा 3 नवंबर को रांची में होगी।इनका रोल नंबर 105483,105479,1054850 है। एक और विद्यार्थी आदित्य आर्यव महज एक नंबर से क्वालीफाई करने से चूक गया।विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा के संरक्षण में चलाए जा रहे ट्रेनिंग का विद्यार्थी पर विशेष असर देखा जा रहा है। प्राचार्य ने सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दिया और कहा कि मेरी प्राथमिकता अनुशासन के साथ शिक्षा है। मैं आशा करता हूँ कि आने वाले समय में अन्य विद्यार्थी भी विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य ने बच्चों को सम्मानित किया । इस अवसर पर कुशाग्र के माता- पिता निशा कुमारी और धीरज कुमार भी उपस्थित थे।

कला उत्सव का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । झारखंड शिक्षा परियोजना,देवघर के तत्वावधान में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन आर मित्रा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रशाल में किया गया। कार्यक्रम का आगाज जिला शिक्षा पदाधिकारी , देवघर विनोद कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार एवं एडीपीओ अंबुजा पाण्डेय ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन किया। इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र - छात्राओं ने नृत्य , गायन , वादन , एकल अभिनय , एकांकी , चित्रांकन , क्राफ्ट, मूर्तिकला , कहानी वाचन आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परियोजना से आभा कुमारी, रानू बोस , सुनीता होरो, मधु कुमारी, फील्ड मैनेजर रामसागर सिंह चौधरी , प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रमेश कुमार झा , शिक्षिका श्वेता शर्मा , बेबी कुमारी , क्रिस्टीना मुर्मू , संगीता कुमारी आदि ने कार्यक्रमों के संयोजन में महती भूमिका निभाई। चार सदस्यीय जूरी के सदस्य शिक्षकगण मनोज कुमार झा , संध्या राय , राजेश नारायण राय और प्रसिद्ध चित्रकार नरेंद्र पंजियारा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं को राज्यस्तरीय कला उत्सव हेतु चयनित किया।प्रत्येक विधा में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मंच संचालन राकेश राय, सी आर पी ने किया।

03 साइबर ठग गिरफ्तार, 09 मोबाइल,11 सिम कार्ड जब्त

संवाददाता

देवघर। साइबर पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर जिला के देवघर नगर थाना अंतर्गत नंदन पहाड के पीछले भाग में स्थित जंगल झाड़ी से छापामारी कर 03 साईबर ठग को गिरफ्तार एवं 01 (एक) किशोर को निरूद्ध किया गया है। गिरफ्तार किये गये साइबर ठग के पास से 03 साईबर ठग गिरफ्तार 09 मोबाइल,11 सिम कार्ड, 01 प्रतिबिंब सिम कार्ड जब्त किया गया है। जमुई जिला के चकाई थाना क्षेत्र अंतर्गत नोवाडीह गांव के नीतिश कुमार दास उम्र करीब 19 वर्ष पिता दिनेश दास, गुगुल कुमार दास उम्र करीब 19 वर्ष पिता सानु दास,जमुई के बीचकोड़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीचगढ़ा गांव के

अमित कुमार उम्र करीब 21 वर्ष पिता फुलेश्वर दास को गिरफ्तार कर सभी को कोर्ट में प्रस्तुत कर कोर्ट के निर्देश पर सभी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किये गये साइबर ठगों ने साइबर पुलिस को पूछताछ में बताया कि फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से एयरटेल पेमेंट बैंक कार्ड बंद कर उपभोक्ताओं को झांसा देकर तथा आम सहायता के रूप में कार्ड को पुनः चालू कराने के नाम पर झांसा देकर ठगी करते थे,साथ ही गूगल पर अपने फर्जी मोबाईल नम्बर हेल्पलाइन नंबर 24ङ्ग7 अपलोड कर आमलोगों की समस्या के अनुसार उन्हे झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करना।

फर्जी फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर फोन पे गिफ्ट कार्ड क्रिएट करवाकर उसे रिडीम कर ठगी करना। फर्जी मोबाइल नम्बर से फर्जी बैंक पदाधिकारी बनकर आम लोगों को एटीएम बंद होने एवं उसे चालू कराने के लिए सीरीज कॉल करना। उसके बाद कस्टमर को झांसे में लेकर ओटीपी प्राप्त कर ठगी करना। फर्जी क्रेडिट कार्ड पदाधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड केवाईसी अपडेट के नाम पर उपभोक्ताओं को झांसा देकर ठगी करते थे।

पार्टी के प्रति गद्दारी आपको गद्दार बनाती है, जो आपको कहीं का नहीं रहने देती : डॉ निशिकांत

संवाददाता

देवघर। गोड्डा के भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने बीते दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में पैसे का खेल शुरू किया है। पैसे के बल पर संताल परगना में भाजपा के लोगों को निर्दलीय खड़ा कर रहे हैं। भाजपा के लोग निर्दलीय खड़े हों उसका रेट अलग और भीतरघात करें उसका रेट अलग तय किया है। शुक्रवार को जब सांसद निशिकांत दुबे देवघर पहुंचे तो एयरपोर्ट पर इसी आरोप से जुड़े मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए सांसद डॉ. दुबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पैसों के आधार पर इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसे

नेताओं और जनप्रतिनिधियों से पूछा था कि जिन लोगों ने लोकसभा चुनाव में भीतरघात किया, क्या उन्हें झामुमो ने विधायक का टिकट दिया या भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ कहीं भी कमजोर उम्मीदवार दिया ? और अगर नहीं दिया तो ये आपके मुंह पर तमाचा है और भविष्य के लिए सिख है। उन्होंने कहा कि आखिर व्यक्ति विरोध में विचारधारा का विरोध करना लोकसभा चुनाव में कहां तक उचित था। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विरोध करने से आखिर क्या फायदा हुआ, इसलिए विधानसभा चुनाव में सबक लेकर भाजपा के लोगों को भाजपा की सरकार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करना चाहिए। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मां है और पार्टी के प्रति गद्दारी आपको गद्दार बनाती है। जो आपको न घर का रहने देती है न घाट का।

बगौर लाइसेंस व सुरक्षात्मक उपायों के पटाखे बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। डीसी विशाल सागर के निर्देश पर आज शुक्रवार को कार्यपालक दण्डाधिकारी सह जिला स्थापना उपसमाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में थोक एवं खुदरा पटाखा विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान कार्यपालक दण्डाधिकारी सह जिला स्थापना उपसमाहर्ता ने जिले में दीपावली के अवसर पर बिना लाईसेंस के पटाखा बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की बात कही। साथ ही सुरक्षा के सभी मानक का पालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके अलावे बैठक के दौरान कार्यपालक दण्डाधिकारी सह जिला स्थापना उपसमाहर्ता मनोज कुमार द्वारा जानकारी दी कि दीपावली, 2024 के अवसर पर सुरक्षा के दृष्टिकोण के साथ आमजनों व पटाखा विक्रेताओं की सुविधा को देखते हुए इस वर्ष नगर क्षेत्र अन्तर्गत शिवलोक परिसर के खाली भू-भाग में पटाखा बिक्री करने हेतु स्थल चिन्हित किया गया है, जहां पटाखा बिक्री के दौरान सभी दुकानदार उक्त परिसर में किसी प्रकार

की संभावित घटना से सुरक्षा,बचाव हेतु अग्निशामक यंत्र, साफ-सफाई एवं अन्य जरूरी व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त स्थल के अलावे अन्य किसी जगह पर किसी पटाखा विक्रेताओं द्वारा पटाखा की बिक्री करते हुए पाये जाने पर उनके विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत कठोर कानूनी, दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही होलसेल लाइसेंसधारक जारी दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके अलावे विक्रेता अपने बिक्री स्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुपालन के साथ (पर्याप्त बालू भरे बोरे, पानी भरा ड्रम, छोटा फायर एक्सटिंगविशर निश्चित रूप से रखेंगे। साथ ही प्रतिबंधित क्षेत्र- यथा- मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा ,चर्च, अस्पताल, सरकारी स्वामित्व भवन, भूमि एंव संवेदनशील क्षेत्र से 50 मीटर के बाहर में होगा। वहीं विस्फोटक नियमावली 2008 के नियम 78 से 88 एवं विस्फोटक नियमावली 127 से 128 तक का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश सभी को दिया गाय। इस दौरान उपरोक्त के अलावा सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, प्रधान लिपिक गोपनीय शाखा धीरेंद्र मिश्रा एवं होलसेल लाइसेंस धारक थोक व खुदरा विक्रेता उपस्थित थे।

नारायण दास 28 को करेंगे नॉमिनेशन, स्टेडियम में होगी विशाल जनसभा

संवाददाता

देवघर। भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला में देवघर विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक एक होटल के सभागार में जिला अध्यक्ष सचिन रवानी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में देवघर विधायक प्रत्याशी नारायण दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक नारायण दास ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा अब समय आ गया है झारखंड से इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का आप सभी एक-एक कार्यकर्ता चुनाव के महासंग्राम में लग जाए। उन्होंने बताया कि झारखंड से इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है उन्होंने कहा कि यह सरकार जब झारखंड में बनी थी। तब बहुत से वादे लेकर सत्ता में आई थी लेकिन एक भी वादे को पूरा नहीं किया। आप सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीड है, आज आप लोग के ही बदौलत यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वहीं इस मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा

28 तारीख को विधायक प्रत्याशी नारायण दास नॉमिनेशन करेंगे,आप सभी मंडल अध्यक्ष अपने -अपने मंडलों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ आए और इस नॉमिनेशन कार्यक्रम को सभी कार्यकर्ताओं को कहा गया है आप सभी देवघर के के स्टेडियम में उपस्थित हो और नॉमिनेशन में विशाल जनसभा के साथ कार्यक्रम को सफल बनाए। इस बैठक में उपरोक्त के अलावा संतोष उपाध्याय,अधीर चंद्र भैया, नवल राय,रीता चौरसिया समेत पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा के अध्यक्ष मंडलों के महामंत्री एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

नाबालिक लड़की का मिला शव, ऑनर किलिंग से जुड़ा हो सकता मामला

देवघर । देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में एक नाबालिक लड़की की मृत अवस्था में मिला है। सूत्रों के अनुसार यह ऑनर किलिंग से जुड़ा भी मामला हो सकता है। जबकि लड़की के पिता ने गांव की एक विधवा औरत व अन्य पर जान मारने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पाकर देवघर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी संदीप कृष्णा पुलिस बल के साथ पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा कर आगे की कार्रवाई के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस घटना की सत्यता की जांच को लेकर सभी पहलू पर जांच कर रही है। देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कई ऐसे मामले सुनने को मिलते है। हालांकि इस मामले में संबन्धित थाने में मामले दर्ज नहीं होते हैं। संबंधित विभाग के पास किशोरियों की कोई सूची भी नहीं है। ना ही किशोरियों के बारे में कभी समीक्षा की जाती है। जरूरत है किशोरियों के बारे में पढ़ाई, स्वास्थ, जीवन आपन आदि को लेकर संबंधित विभाग इसका लेखा जोखा रखे। ऐसे मामले ऑनर किलिंग से जुड़ा हो सकता है। ये गहन जांच का विषय है।

युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिये किया गया कार्यक्रम का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । विधानसभा आम चुनाव, 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज स्वीप कार्यक्रम के तहत आर मित्रा उच्च विद्यालय के सभागार में कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें युवा मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ की कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने-अपने युवा साथियों के साथ-साथ अपने परिजनों को मतदान के प्रति जागरूक करने का शपथ लिया। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान सभी ने भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपने परिजनों और अपने युवा साथियों को जागरूक करने का संकल्प लिया। आगे सभी को बताया गया कि कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने 20 नवम्बर को मतदान के प्रति जागरुक करना और निष्पक्ष होकर मतदान करने को लेकर प्रेरित करना है।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार के साथ-साथ स्वीप व मीडिया कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

खो-खो प्रतियोगिता के लिए टीम रांची रवाना

मधुपुर संताल एक्सप्रेस । खेलो इंडिया 2024 के अंतर्गत आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए मधुपुर के खिलाड़ियों का जोश चरम पर है! रांची के खेल गांव में 26 से 28 अक्टूबर तक होने वाली इस अंडर-14, 17, एवं 19 प्रतियोगिता में मधुपुर के कई खिलाड़ियों का चयन हुआ है। मध्यम विद्यालय तिलक कला के 9 छात्रों का अंडर-14 वर्ग और 1 छात्र का अंडर-17 वर्ग में चयन हुआ है। इसके साथ ही मोहनलाल गुटगुटिया हाई स्कूल के अंडर-19 वर्ग के 8 और अंडर-17 के 2 खिलाड़ियों का भी चयन किया गया है। बुधवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन से इन सभी ने रांची के लिए प्रस्थान किया, जहां 26 अक्टूबर से प्रतियोगिताएं शुरू होंगी !अंडर-14 में चयनित खिलाड़ियों में निर्मल किस्कु, राज रजवार, अमित यादव, निखिल मुर्मू, सत्यम गुप्ता, मोहम्मद अरबाज, जीतू हेम्ब्रम, लक्की रजक और कृष्ण रजक शामिल हैं। अंडर-17 में शिव हेंब्रम ने जगह बनाई है। सभी खिलाड़ियों को पूर्व वार्ड पार्षद सनव्वर यास्मीन, तिलक कला विद्यालय की अध्यापिका सुनीता कुमारी, शिक्षक संजय प्रसाद और क्रेस्ट एलायंस के आशित कुमार ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इन खिलाड़ियों के साथ शिक्षक अमित कुमार द्विवेदी भी रांची रवाना हुए। इस मौके पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनीता कुमारी समेत अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

मधुपुर में सहिया को वैक्टर जनित रोगों से लड़ने के लिए मिला प्रशिक्षण

मधुपुर । अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को वैक्टर जनित रोगों (मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जीका वायरस, जापानी इंसेफेलाइटिस और कालाजार) की रोकथाम, लक्षण पहचान और

नियंत्रण हेतु 110 सहियाओं को दो बैच में उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भीश्बीश्डीश पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार यादव और उपाधीक्षक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने की। प्रशिक्षण का उद्देश्य था कि सहिया गांव-गांव तक जाकर लोगों को वैक्टर जनित रोगों के प्रति जागरूक कर सकें और सतत निगरानी रखकर इस तरह के रोगों से समुदाय की सुरक्षा कर सकें। सभी सहियाओं को मलेरिया की जांच के लिए ऋष्ठ्य का उपयोग और मलेरिया-फाइलेरिया के लिए ब्लड स्लाइड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, गोड्डा।
(जिला निर्वाचन शाखा)
(electiongodda05@gmail.com)

— : आदेश :—

विधानसभा आम चुनाव–2024 में मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त किये गये कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी कारणों से चुनाव कार्य से विमुक्त करने सम्बन्धी अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे है। यह आवेदन कार्मिक कोषांग से प्राप्त सूची के अनुसार प्रतिदिन लगभग 50 कर्मियों की भौतिक–सह–स्वास्थ्य जाँच परीक्षण की जायेगी।

इस हेतु मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी –सह– असैनिक शल्य चिकित्सक गोड्डा की अध्यक्षता में पाँच (05) सदस्यीय जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड का निम्न प्रकार से गठन किया जाता है :—

01.	श्री अभय कुमार झा, कार्यपालक दण्डाधिकारी, गोड्डा –	सदस्य
02.	डॉ० मो० शहनवाज हुसैन, सर्जन, सदर अस्पताल, गोड्डा –	सदस्य
03.	डॉ० रंजन कुमार, फिजिसियन, सदर अस्पताल, गोड्डा –	सदस्य
04.	डॉ० प्रशांत कुमार, ऑर्थोपैडिक्स, सदर अस्पताल, गोड्डा –	सदस्य
05.	डॉ० अंगेश कु० सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, गोड्डा –	सदस्य

यह भौतिक –सह– स्वास्थ्य जाँच परीक्षण जाँच के लिए स्थान सिविल सर्जन कार्यालय, गोड्डा में निर्धारित किया जाता है। नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग को निर्देश दिया जाता है कि प्राप्त सभी आवेदन को समेकित कर 50–50 आवेदनों का तिथि निर्धारित करते हुए सिविल सर्जन कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

विधानसभा आम चुनाव–2024 के लिए गठित जिलास्तरीय मेडिकल बोर्ड के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण–सह–भौतिक जाँच दिनांक– 28.10.2024 से 30.10.2024 (समय 11:00 AM से 04:00 PM) तक किया जाएगा।

ह०/
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, गोड्डा।

PR 339521 (Election) 24-25 (D)

भाजपा में कोई बिखराव नहीं, मिलकर लड़ेंगे चुनाव, बहुमत से बनेगी सरकार - निशिकांत दुबे

